दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 157 जयपुर, शुक्रवार, 17 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


**गर्मी के तीखे तेवर:** राजधानी जयपुर में 46 डिग्री सेल्सियस पहुंचा दिन का पारा...

# आसमान से बरस रही आग... IMD का हीटवेव का अलर्ट

बेधड़क | नई दिल्ली / जयपुर

देश के अधिकांश राज्यों में इस समय सूरज आग उगल रहा है। राजस्थान, बिहार, झारखंड समेत उत्तर पश्चिम भारत के कई राज्य आसमान से बरसती आग और लू से झुलस रहे हैं। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गर्मी और लू को लेकर अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने गुरुवार को कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में लू चलने की आशंका है। वहीं, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा पर इसका सबसे अधिक प्रभाव देखने को मिलेगा। साथ ही मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि 18 मई से पूर्वी और मध्य भारत में भी गर्मी का नया दौर शुरू हो जाएगा। उधर, सूर्य की तपन बढ़ने के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। राजधानी जयपुर में गुरुवार को दिन का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यहां दोपहर में चिलचिलाती धूप से लोगों का हाल बेहाल हो गया। मौसम विभाग ने आगामी 4-5 दिन भीषण गर्मी पड़ने की आशंका जताई है। इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के 5 जिलों में अगले तीन-चार दिन हीटवेव चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य में दिन का पारा 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है।



### घर में ही रहने की सलाह

मौसम केंद्र जयपुर ने अगले 4-5 दिनों के पूर्वानुमान में 18 से 20 मई के बीच राजस्थान के कुछ शहरों का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जाने की आशंका जताई है। इस दौरान चलने वाली हीटवेव से बचने के लिए बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष अलर्ट भी जारी किया है। उन्हें घर में ही रहने की सलाह दी गई है।

### अगले चार दिन का पूर्वानुमान

मौसम केंद्र जयपुर ने 19 मई तक का फोरकास्ट जारी किया है। इसमें पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने, तेज धूप और गर्मी के साथ हीटवेव चलने की आशंका जताई गई है। 17 मई को गंगानगर, चूरू, बीकानेर, बाड़मेर, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट, जबकि जैसलमेर, जोधपुर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 18 मई को चूरू, जैसलमेर, जोधपुर में हीटवेव और तेज गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जबकि अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, जयपुर, करौली, झुंझुनूं, दौसा, सवाई माधोपुर, सीकर, बाड़मेर, हनुमानगढ़, नागौर, गंगानगर और बीकानेर में येलो अलर्ट जारी किया। 19 मई को चूरू, भरतपुर, अलवर में ऑरेंज अलर्ट, जबकि दौसा, धौलपुर, झुंझुनूं, करौली, सवाई माधोपुर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और गंगानगर में तेज गर्मी रहने का येलो अलर्ट जारी किया है।

### इस बार 36 घंटे पहले मानसून की एंट्री

इस बार समय से पहले ही मानसून की एंट्री के संकेत मिल रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून के 31 मई के आसपास केरल पहुंचने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आमतौर पर केरल में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख एक जून होती है। जो 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर कर लेता है, लेकिन इस बार समय से करीब 36 घंटे पहले मानसून की एंट्री होगी। मानसून के उत्तर की ओर बढ़ने पर चिलचिलाती गर्मी से राहत मिल सकती है। अल नीनो प्रणाली के कमजोर पड़ने पर ला नीना की स्थितियां बेहतर हुई है।

## जरूरी खबर

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर



**कुपवाड़ा (जम्मू-कश्मीर)।** सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। इसके बाद सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी अभियान के दौरान, दो पिस्तौल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध वाले सामान बरामद किए गए। इससे पहले 9 मई को सेना ने 40 घंटे की कार्रवाई में तीन आतंकियों को मार गिराते हुए ऑपरेशन रेडवानी पाईन को अंजाम दिया था। यह ऑपरेशन भारतीय वायुसेना के एक वाहन पर घात लगाकर किए गए हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई थी।

### लोकसभा चुनाव: पहले चार चरणों में हुआ 67% मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चार चरणों में औसतन 66.95% मतदान हुआ है। अब तक 97 करोड़ में से 45.10 करोड़ वोटर्स ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि 13 मई को हुए चौथे चरण के मतदान में 69.16 % वोटिंग हुई। यह 2019 के लोकसभा चुनावों में इसी (चौथे) चरण की तुलना में 3.65% ज्यादा है। चुनाव के तीसरे चरण में 65.69 % मतदान हुआ, जबकि 2019 चुनाव के तीसरे चरण में 68.4% मतदान हुआ था। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए

+91 96640 14179
+91 97830 45155

पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**डिग्रियों से लेकर EWS सर्टिफिकेट तक में गड़बड़झाला**

# फर्जीवाड़े पर RSSB ने कसा शिकंजा

बेधड़क **एक्सक्लूसिव**

**पड़ताल में नित नए खुलासे**

**6 माह में 13 FIR, 338 अभ्यर्थी डिबार**
**1259 मामले डाटा मिसमैच के**

कुणाल भटनागर | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा भर्ती परीक्षाओं की पड़ताल में कई चौंकाने वाले फर्जीवाड़े के मामले सामने आ रहे हैं। अभ्यर्थी सरकारी नौकरी पाने के लिए बड़े स्तर पर फर्जी दस्तावेजों का सहारा ले रहे हैं। बोर्ड अब ऐसे फर्जी दस्तावेज लगाकर परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों पर बड़े एक्शन की तैयारी कर रहा है। बोर्ड द्वारा तीन भर्तियों में हजारों अभ्यर्थियों की जांच की जा रही है। फायरमैन, रीट लेवल 1 और लेवल 2 के साथ पीटीआई भर्ती 2022 में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की आशंका के चलते बोर्ड गहनता से जांच पड़ताल कर रहा है। पिछले 6 महीने में बोर्ड द्वारा 13 एफआईआर की गई है। विभिन्न परीक्षाओं से 338 अभ्यर्थियों को डिबार कर दिया है।

### तीन भर्तियों की जांच में सामने आ रहे हैं फर्जीवाड़े के अलग-अलग तरीके, PTI भर्ती परीक्षा में डाटा मिसमैच को लेकर करीब 1 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी रडार पर

**49 डमी अभ्यर्थियों पर FIR, 10 और रडार पर**

अब तक पीटीआई भर्ती में 49 डमी अभ्यर्थियों पर एफआईआर हो चुकी है। पड़ताल में 10 और ऐसे डमी अभ्यर्थी सामने आए है जिन पर बोर्ड द्वारा जल्दी ही एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। गौरतलब है कि पीटीआई भर्ती को लेकर सबसे पहले सांगानेर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी, इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओजी में मामला दर्ज किया गया था।




### शादीशुदा, लेकिन तलाक देकर लगी नौकरी

बोर्ड द्वारा की जा रही जांच में ऐसे कई अभ्यर्थियों के मामले सामने आए हैं, जो तलाक लेकर तलाकशुदा कोटे से भर्ती परीक्षा में शामिल हो गई है, लेकिन ऐसे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी है कि पति पत्नी साथ रहते है। इस तरह के मामले रीट लेवल 1 और रीट लेवल 2 में देखने को मिले हैं।

### पिता की सरकारी नौकरी, बेटे ने बनवाया EWS

यहां फर्जी EWS को लेकर भी मामले सामने आ रहे हैं। बोर्ड द्वारा की जा रही जांच में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां एक अभ्यर्थी द्वारा EWS का प्रमाण पत्र लगाया गया। जब इस बारे में शिकायत मिली तो पता चला कि अभ्यर्थी के पिता सरकारी सेवा में है। अब इस मामले की जांच भी बोर्ड द्वारा करवाई जा रही है।

### डाटा मिसमैच में लगभग 1 हजार अभ्यर्थी रडार पर

पीटीआई भर्ती 2022 में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े की आशंका के चलते बोर्ड द्वारा हर एक चयनित अभ्यर्थी की जांच पड़ताल की जा रही है। इस भर्ती में डाटा मिसमैच के मामले में 1259 ऐसे अभ्यर्थी बोर्ड की रडार पर है, जिनके द्वारा ऑनलाइन फार्म और डाक्यूमेंट वैरिफिकेशन के दौरान गलत जानकारी दी है।



### ना पड़ें दलालों के चक्कर में

“हम अभ्यर्थियों से यही कहना चाहेंगे कि वह सीधी तरीके से भर्ती परीक्षा में शामिल हो। कोई भी अभ्यर्थी दलालों के चक्कर में ना पड़ें। अपनी मेहनत के दम पर अभ्यर्थी सरकारी नौकरी प्राप्त करें।

**आलोक राज,** अध्यक्ष, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

**जयपुर और कोटा संभाग में हुई दुर्घटनाएं**

# दो सड़क हादसों में 6 की मौत

## थार और बोलेरो के परखच्चे उड़े

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश में गुरुवार को जयपुर और कोटा संभाग में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जयपुर जिले के मनोहरपुर से दौसा जाने वाले नेशनल हाईवे पर थार जीप और बोलेरो में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मनोहरपुर दौसा हाईवे पर जाम लग गया। हादसे में मारे गए लोग खाटूश्याम जी के दर्शन कर उत्तर प्रदेश लौट रहे थे। आंधी थाने के एएसआई सुरेंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी संतोष कुमार (50) अपनी पत्नी पुष्पा देवी (48), बेटे सूरजभान (22) और बेटी कोयल (18) के साथ थार गाड़ी में खाटूश्याम जी के दर्शनों के लिए आए थे। उधर, बोलेरो सवार चंद्र प्रकाश (40) पुत्र बद्री नारायण गुर्जर, रामदयाल (25) पुत्र शिवदयाल गुर्जर, सरदार (50) पुत्र अर्जुन गुर्जर और नरेंद्र (25) पुत्र पूरण, धनराज (48) और कालू (50) निवासी बरोली (दौसा) आंधी के पास स्थित कूचावास गांव में भात भरने जा रहे थे। इस दौरान सुबह 11:50 बजे डांगरवाड़ा के पास थार और बोलेरो में भिड़ंत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हादसा ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ है। आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। दोनों गाड़ियों में बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और हॉस्पिटल पहुंचाया। बोलेरो सवार चंद्र प्रकाश, रामदयाल, सरदार गुर्जर और नरेंद्र निवासी बरोली (दौसा) की मौत हो गई, जबकि धनराज, कालू, संतोष कुमार, पुष्पा देवी, सूरजभान और कोयल घायल हो गए।

## कार-मेटाडोर में टक्कर, दो मरे

कोटा संभाग के बूंदी जिले में गुरुवार को चारधाम की यात्रा कर गुजरात लौटते लोगों की कार मेटाडोर से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच में से दो तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन जने घायल हो गए। यह घटना हिंडोली के नेशनल हाइवे 148 डी पर हुई। गंभीर घायल तीन लोगों का बूंदी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मेटाडोर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। इस हादसे में कार सवार विपुल पटेल (33) और भावेश पटेल (27) निवासी गिर सोमनाथ गुजरात की मौत हो गई, जबकि चिराग पटेल (31), सगर पटेल (32), किशन पटेल (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मेटाडोर में भरी 8 भैंसो की भी मौत हो गई।

### बड़े कारोबारी समूह के 11 ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापेमारी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर में गुरुवार को एक बड़े कारोबारी समूह के 11 ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई की। जिले के बिंदायका और बगरू स्थित फैक्ट्री और गोदाम में छापेमारी की कार्रवाई की गई। ग्रुप का रियल एस्टेट का बड़ा कारोबार है। साथ ही नालीदार सीमेंट छत और पाइप के निर्माण का भी कारोबार है। सूत्रों की मानें तो कारोबारी के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर काली कमाई का खुलासा होने की बात सामने आई है। इसके साथ ही काफी मात्रा में ब्लैकमनी के दस्तावेज बरामद हुए है। वहीं, ज्वेलर्स ग्रुप के सहयोगी समूह में भी सर्च और जब्ती की कार्रवाई जारी है। यहां बड़ी मात्रा में काली कमाई उजागर होने की संभावना है।

### दो वरिष्ठ IPS CBI के अतिरिक्त निदेशक नियुक्त




एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवाईवी कृष्णा और एन वेणुगोपाल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में इसकी जानकारी दी गई है। आदेश में कहा गया है कि असम-मेघालय कैडर के 1995 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी कृष्णा, वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में महानिरीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। इसमें कहा गया है कि उन्हें सीबीआई के अतिरिक्त निदेशक के रूप में जांच एजेंसी में शामिल किया गया है और उनका कार्यकाल छह अगस्त 2028 तक रहेगा। कृष्णा के समकालीन वेणुगोपाल (हिमाचल प्रदेश कैडर) वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

**रंगदारी नहीं देने पर ज्वेलर पर फायरिंग का मामला**

# इनामी HS ने SI की छीनी पिस्टल, फायरिंग कर भागा...दबोचा

- दिल्ली से लाते समय पिस्टल छीनकर पुलिस पर ही कर दी थी फायरिंग
- हिस्ट्रीशीटर और पुलिस के बीच मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली
- रंगदारी मांगने वाले पर घोषित था सवा लाख का इनाम

बेधड़क | जयपुर

एक करोड़ों रुपए की रंगदारी नहीं देने पर ज्वेलर पर फायरिंग करने वाले हिस्ट्रीशीटर को विद्याधर नगर थाना पुलिस ने आसाम में दबोच लिया।

आरोपी राकेश कुमार यादव को जब पुलिस दिल्ली से जयपुर लेकर आ रही थी तो आरोपी ने एसआई की पिस्टल छीनकर पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की तो आरोपी के पैर पर गोली लग गई। तब आरोपी काबू में आया। पुलिस ने आरोपी राकेश को उपचार के लिए एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। उपचार के बाद पुलिस आरोपी को पूछताछ के लिए कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी। आरोपी राकेश श्रीमाधोपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और एक साल से कोलकाता और आसाम में फरारी काट रहा था। आरोपी राकेश के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, फायरिंग और रंगदारी के अलग-अलग थानों में 23 केस दर्ज है। आरोपी पर पुलिस ने सवा लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।



### हर दिन बदलता था मोबाइल व सिम

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी राकेश यादव रोजाना मोबाइल व सिमकार्ड बदल लेता था। ताकि पुलिस ट्रेक नहीं कर सके। आरोपी के पास चार मोबाइल व पांच सिमकार्ड मिले हैं। आरोपी राकेश व्यापारियों को नेटकॉलिंग, कॉल स्फूकिंग, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, स्नेपचेट का उपयोग करके रंगदारी के लिए धमकाता था।

### बाथरूम जाने के बहाने गाड़ी रुकवाई और पिस्टल छीन ली

एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह ने बताया कि राकेश ने विद्याधर नगर निवासी ज्वेलर नवीन सोनी से करोड़ों रुपए की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर राकेश ने उस पर फायरिंग करा दी थी। घटना जुलाई, 2023 की थी। तब पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और मुख्य आरोपी राकेश फरार चल रहा था। सूचना पर टीम को असम के डिब्रूगढ़ से गिरफ्तार किया और दिल्ली लेकर आए थे। ऐसे में आरोपी को दिल्ली से लाने के लिए पुलिस की एक अलग से टीम भेजी गई थी। रात साढ़े 12 बजे आरोपी ने बाथरूम जाने के लिए गाड़ी रोकने के लिए कहा। दौलतपुरा के पास गाड़ी रोकी गई। आरोपी ने एसआई की पिस्टल छीनकर फायरिंग शुरू कर दी।

## जरूरी खबर

### पर्यावरण संरक्षण के लिए सिक्किम से सीख लें: मिश्र



**जयपुर।** राजभवन में गुरुवार को सिक्किम का स्थापना दिवस समारोह उल्लास-पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने सिक्किम के स्थानीय लोगों से संवाद किया और उन्हें स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का यह प्रदेश प्राकृतिक दृष्टि से ही संपन्न नहीं है बल्कि भारत की सनातन संस्कृति का भी संवाहक हैं। प्रकृति की सुंदरता संजोए यह धरती का दूसरा स्वर्ग है। स्थानीय लोगों ने सिक्किम की प्रकृति संरक्षण परम्पराओं को सहेज रखा है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है।

### विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने की जेलों की जांच

**जयपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने गुरुवार को केंद्रीय कारागृह, महिला जेल एवं जिला संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों के लिए कारागृह प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही आवास एवं साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही कारागृह अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर-प्रथम के सचिव राजेन्द्र बंशीवाल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने केन्द्रीय कारागृह में बंदियों को विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

### CI व कांस्टेबल की हत्या के आरोपियों की सजा निलंबित



**जयपुर।** हाईकोर्ट ने सीकर में सीआई मुकेश कानूनगो और कांस्टेबल की हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा भुगत रहे पांच अभियुक्त दिनेश कुमार, ओमप्रकाश, अनुज, आमिर और रामपाल की सजा निलंबित करते हुए जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। हालांकि कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त अजय चौधरी और जगदीप की सजा निलंबन की अर्जी को खारिज कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस आशुतोष कुमार ने यह आदेश अभियुक्तों की आपराधिक अपील में दायर प्रार्थना पत्रों पर दिए। अभियुक्तों का कहना था कि वे पांच साल से जेल में हैं और उन पर सीआई व कांस्टेबल पर गोली चलाने का आरोप नहीं है। पुलिस के मोके के बनाए नक्शे से भी अभियुक्त अजय व जगदीप की ही मौजूदगी घटनास्थल पर मिली थी।

**प्रशासनिक सुधार विभाग तैयार कर रहा मसौदा,** कल मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक

# राज्य की तबादला नीति में शामिल होगी मंत्री-विधायकों की राय

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले ही प्रदेश के भाजपा विधायकों को कर्मचारी-अधिकारियों के तबादलों से दूरी रखने की नसीहत दी हो, लेकिन इन माननीयों को लगता है कि तबादलों में इनकी दखल जरूरी है।

यही वजह है सरकार के स्तर पर तैयार हो रही तबादला नीति में विधायकों की राय शामिल करने की उम्मीद लगाई जा रही है। हालांकि, तबादला नीति को लेकर विभागीय स्तर पर सुझाव मांगे गए हैं, लेकिन मंत्रियों के लोकसभा चुनाव प्रचार को लेकर अन्य राज्यों में हो रहे दौरे के बीच रिपोर्ट तैयार नहीं हो पा रही है। बता दें कि प्रदेश की भजनलाल सरकार केंद्र की तर्ज पर तबादला नीति बनाने जा रही है। इसको लेकर मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से नई तबादला नीति पर मंथन चल रहा है। पिछले दिनों सभी विभागों के लिए एसओपी जारी की गई। इस एसओपी में कहा गया है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 4 अप्रैल को हुई बैठक के निर्देश अनुसार सभी राज्य की विभागों, उपक्रमों, बोर्ड, निगम और अन्य समस्त स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों के स्थानांतरण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और एक रूप में लाने के लिए तबादला नीति तैयार की जा रही है।



इस तबादला नीति के लिए सभी विभाग आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं के स्तर पर स्टेक होल्डर्स, लाभार्थियों, कर्मचारियों के मुख्य प्रतिनिधियों से चर्चा कर एक माह में विभाग को स्थानांतरण नीति दिशा-निर्देश तैयार भेजनी थी, लेकिन मंत्रियों के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अन्य राज्यों में हो रहे दौरे की वजह से विभाग रिपोर्ट तैयार नहीं कर पा रहा है। रिपोर्ट पर अंतिम मुहर विभागीय मंत्री की होगी।

### तबादला नीति में MLA की राय जरूरी

प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद फरवरी में तबादलों से शिक्षा विभाग को छोड़ कमोबेश सभी विभागों से कर्मचारियों की लंबी लिस्ट जारी की गई। तबादला नीति नही होने से इस सूची पर विवाद हुआ। कुछ कर्मचारी कोर्ट चले गए। इस तरह के विवाद को देखते हुए भजनलाल सरकार तबादला नीति लाने जा रही है, लेकिन अधिकारियों के स्तर पर तैयार हो रही इस पॉलिसी को लेकर भाजपा विधायकों को एतराज है। खंडार से विधायक और संगठन में महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि भाजपा सरकार पॉलिसी बना रही है। तबादला नीति बनानी चाहिए, इससे सबसे बड़ा लाभ होता है कि कुछ लोगों की दुकान बंद हो जाती है। उन्होंने कहा कि तबादला नीति लागू होने से पहले अंतिम सुझाव प्रतिनिधि का होगा। वहीं, हवामहल से विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी कहा कि तबादला नीति में विधायकों की राय जरूर ली जाएगी। अभी चुनावी दौरे चल रहे हैं, इसके बाद पॉलिसी लाई जाएगी। सामूहिक रूप से राय से पॉलिसी बनेगी तब ही उसका सार्थक परिणाम निकल कर आएगा।

### विभागीय स्तर पर दिया जा रहा अंतिम रूप

दरअसल, प्रदेश में कर्मचारी-अधिकारियों के तबादलों को लेकर मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से नई तबादला नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तबादला नीति पर फाइनल मंथन को लेकर सचिवालय में 18 मई को बैठक प्रस्तावित है, जिसमें मुख्य सचिव सुधांश पंत सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ तबादला नीति के बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि इसके बाद तबादला नीति का मसौदा तैयार किया जाएगा और आचार संहिता हटने के बाद जब भी कैबिनेट की बैठक होगी, तो उसमें तबादला नीति का मसौदा रखा जाएगा।

**मुकदमेबाजी से बचने के लिए** आरपीएससी का नवाचार

# आयोग ने वेबसाइट पर कोर्ट के महत्वपूर्ण निर्णय किए अपलोड

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट की ओर से पारित विभिन्न न्यायिक विनिश्चयों को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

देशभर में संभावित पहली बार इस प्रकार की पहल किसी भर्ती आयोग की ओर से की गई है। आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर 'अदर लिंक्स' टैब के अंतर्गत प्रदर्शित ड्रॉप डाउन मेन्यू में इंपॉर्टेंट कोर्ट जजमेंट पर क्लिक कर इन न्यायिक निर्णयों को देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय ने कहा कि परीक्षा आयोजन प्रक्रिया से संबंधित अनेक विषयों पर कई विधिक प्रकरण विभिन्न अदालतों में चलते रहते हैं।

आयोग की ओर से आयोजित परीक्षाओं में देश-प्रदेश के लाखों अभ्यर्थी बैठते हैं। इनमें से कई अभ्यर्थियों की ओर से तथ्यात्मक जानकारी के अभाव में उन सामान तथ्य एवं बिंदुओं पर भी विभिन्न अदालतों में आयोग के विरुद्ध वाद दायर कर दिए जाते हैं। जिन पर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ओर से पूर्व के प्रकरणों में भी आयोग के पक्ष में निर्णय दिया गया है। यह भी देखने में आया है कि अभ्यर्थियों की ओर से दायर वाद के विषय प्रमुखतः उत्तर कुंजी वैधता, स्केलिंग, श्रेणी और वर्ग परिवर्तन इत्यादि रहते हैं। इसी कारण आयोग की ओर से विभिन्न अदालतों की ओर से निर्मित चुनिंदा निर्णय का चयन कर आयोग की वेबसाइट पर डाला गया है, ताकि संशय की स्थिति में अभ्यर्थी इनका अवलोकन कर सकें। इससे अभ्यर्थियों की ओर से विभिन्न न्यायिक वादों के दौरान व्यय किए जाने वाले समय और धन की बचत हो सकेगी।




### अभ्यर्थियों को मिल सकेगी तथ्यात्मक और सटीक जानकारी

आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि समान बिंदु जिन पर पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ओर से निर्णय पारित किया जा चुके हैं। इनको लेकर भी अभ्यर्थियों की ओर से वाद दायर कर दिए जाते हैं। इस कारण अभ्यर्थियों को समय श्रम और संसाधनों की क्षति उठानी पड़ती है। इसको दृष्टिगत रखते हुए अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए आयोग की विधि शाखा की ओर से काफी समय से विषय वार निर्णय को छांटकर भर्ती परीक्षाओं को चुनौती दिए जाने वाले समस्त मुद्दों पर कोर्ट के निर्णय को सूचीबद्ध किए जाने का कार्य किया जा रहा था।

### अनावश्यक मुकदमेबाजी में आएगी कमी

आयोग के इस नवाचार से अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं के संबंध में तथ्यात्मक और सटीक जानकारी प्राप्त हो पाएगी। साथ ही भ्रमवश अभ्यर्थियों की ओर से किए जाने वाले अनावश्यक वादकरण में भी कमी आने की संभावना है। इससे भर्ती परीक्षाओं को समय पर संपन्न करने में सहायता के साथ अभ्यर्थियों को भी राहत मिलेगी।

### 32 बिंदुओं से संबंधित निर्णय अपलोड किए

आयोग की ओर से वर्तमान में 32 बिंदुओं से संबंधित कोर्ट के निर्णय को वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इनमें भर्ती परीक्षाओं से संबंधित विभिन्न न्यायिक मुद्दों और निर्धारित तिथि तक वांछित योग्यता धारित करने के संबंध में, श्रेणी वर्ग परिवर्तन, स्केलिंग जैसे बिंदु सम्मिलित हैं। इन्हें जानकारी के अभाव में अभ्यर्थियों की ओर से बार-बार अनावश्यक वाद करण किया जाता है, जिससे आयोग और अभ्यर्थियों के महत्वपूर्ण संसाधनों का अपव्यय होता है।

**पंजाब में किसान आंदोलन का असर**

# रेलवे ने राजस्थान की 4 ट्रेने की रद्द, वहीं 10 ट्रेनों का रूट बदला

**बेधड़क** | जयपुर

पंजाब में जारी किसान आंदोलन के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे ने कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किया है। 14 ट्रेन 3 दिन के लिए रद्द की गई है। इनमें राजस्थान की चार ट्रेन हैं। वहीं, राजस्थान से संचालित होने वाली 10 ट्रेन के रूट भी बदले गए हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार किसान आंदोलन की वजह से श्रीगंगानगर से ऋषिकेश और चूरू से लुधियाना जाने वाली ट्रेन को एक बार फिर 3 दिन के लिए रद्द किया गया है। रेलवे प्रबंधन के अनुसार, आंदोलन के कारण रेलवे की संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर ट्रेन कैंसिल की जा रही है। आंदोलन जितना लंबा चलेगा, यात्रियों की परेशानी उतनी ही बढ़ने की संभावना है।

इसके साथ ही कोयम्बटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की समय अवधि में बढ़ाई गई है।

### 19 मई तक ये ट्रेने रद्द रहेगी रद्द

श्रीगंगानगर-ऋषिकेश, ऋषिकेश-श्रीगंगानगर, लुधियाना-चूरू, भिवानी-धुरी, धुरी-सिरसा, सिरसा-लुधियाना, लुधियाना-भिवानी, हिसार-लुधियाना, लुधियाना-हिसार, अमृतसर-हिसार ट्रेन 17 से 19 मई तक रद्द रहेगी। वहीं हिसार-अमृतसर ट्रेन 18 मई से 20 मई तक रद्द रहेगी।

### इन ट्रेनों के रूट में बदलाव

गाड़ी नंबर 14526, श्रीगंगानगर - अंबाला ट्रेन 17 मई से 19 मई तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 14525, अम्बाला-श्रीगंगानगर ट्रेन 17 मई से 19 मई तक अम्बाला से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 14661, बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा 17 मई से 19 मई तक बाड़मेर से प्रस्थान करने वाली दिल्ली तक संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 14662, जम्मूतवी-बाड़मेर 17 मई से 19 मई तक जम्मू तवी से प्रस्थान करने वाली दिल्ली से संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 14735, श्रीगंगानगर-अंबाला 17 मई से 19 मई तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 14736, अंबाला-श्रीगंगानगर ट्रेन 18 मई से 20 मई तक अंबाला से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 14887, ऋषिकेश-बाड़मेर 17 मई से 19 मई तक ऋषिकेश से प्रस्थान करने वाली बठिंडा से संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 14888, बाडमेर-ऋषिकेश 17 मई से 19 मई तक बाड़मेर से प्रस्थान करने वाली बठिंडा तक संचालित की जाएगी। गाड़ी नंबर 12413, अजमेर-जम्मू तवी ट्रेन 17 मई से 19 मई तक अजमेर से प्रस्थान करने वाली परिवर्तित मार्ग वाया जाखल-धूरी-लुधियाना होकर संचालित की जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी नंबर 12414, जम्मू तवी-अजमेर ट्रेन 17 मई से 19 मई तक जम्मू तवी से प्रस्थान करने वाली परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना-धूरी-जाखल होकर संचालित की जाएगी।

### ट्रेन की समय अवधि में की गई बढ़ोतरी

इसके साथ ही कोयम्बटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की समय अवधि में बढ़ाई गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि कोयम्बटूर-भगत की कोठी-कोयम्बटूर (गाड़ी नंबर 06181-06182) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सञ्चालन अवधि में बढ़ोतरी की गई है। अब यह ट्रेन कोयम्बटूर से 30 मई से 27 जून तक और भगत की कोठी से 2 जून से 30 जून तक संचालित की जाएगी। यह ट्रेन सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, भीलडी, रानीवाडा, मारवाड़ भीनमाल, जालोर, तिरूप्पूर, ईरोड जं. सेलम, जोलारपेट्टै, कटपाड़ी जं, रेणिगुंटा, कुडपा, यर्रगुंटला, गुत्ती जं., डोन, कर्नूलू सिटी, मेहबूब नगर, काचीगुडा (हैदराबाद), कामारेड्डी, निजामाबाद, मुदखेड, नान्देड़, पूर्णा जक्शन, हिंगोली डेक्कन, वाशिम, अकोला, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, भीलडी, रानीवाडा, मारवाड़ भीनमाल, जालोर, मोकलसर और समदडी स्टेशनों से होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचेगी।

**पीएचईडी व जल संसाधन विभाग** की समीक्षा बैठक

# जल परियोजनाएं समय से हों पूर्ण

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को शासन सचिवालय में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान अंतर्विभागीय प्रकरण, ईसरदा दौसा जल आपूर्ति प्रोजेक्ट तथा जल जीवन मिशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि विभाग की पेयजल से संबंधित जितनी भी परियोजनाएं तैयार है उन्हें बिना किसी विलंब के जल्द से जल्द लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए पेयजल एक अति-संवेदनशील मामला है। इसलिए पेयजल से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को लागू करने में आचार संहिता हटने का इंतजार ना करें। चुनाव आयोग से अनुमति लेकर आचार संहिता के दौरान भी आवश्यक राजकीय कार्य जारी रखें। पंत ने निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित सभी प्रोजेक्ट की उचित तरीके से मॉनिटरिंग हो साथ ही प्रत्येक स्तर पर कार्य पूर्ण करने की तय समय सीमा निर्धारित हो। बीएसआर 2024 और पाइप पॉलिसी दोनों को 31 मई तक पूर्ण करें। साथ ही मुख्य सचिव ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जेजेएम एवं एएमआरयूटी 2.0 योजना को समय से पूर्ण किया जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक राजकीय कार्य ई-फाईल के माध्यम से हो साथ ही औसत निस्तारण समय अधिक होने पर विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई की जाए। बैठक में एसीएस जल संसाधन अभय कुमार और पीएचईडी एवं भूजल विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



# CM भजनलाल आज ओडिशा में करेंगे जनसभा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को ओडिसा के दौरे पर रहेंगे। यहां सीएम अस्का और कंधमाल लोकसभा क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। ओडिशा में भी बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी निवास करते हैं। जानकारी के अनुसार सीएम जयपुर से सुबह 7:30 बजे विशेष विमान से भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां वे सुबह 10:30 बजे अस्का लोकसभा क्षेत्र में जगन्नाथपुर जंक्शन के पास रामचंद्रपुरा में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं दोपहर 12 बजे नेताजी मैदान, दासपल्ला और दोपहर 1:15 पर उदयगिरी में कंधमाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में चुनाव के दोनों चरण सम्पन्न होने के बाद सीएम भजनलाल शर्मा लगातार अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। सीएम भजनलाल अब तक दिल्ली, पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और हरियाणा में सभाएं कर चुके हैं।



**पीसीसी चीफ ने केंद्र व राज्य सरकार पर बोला हमला**

# डॉ. कमला की राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि नहीं करने पर सियासी बवाल

**बेधड़क** | जयपुर

स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल का गुरुवार को जयपुर के लाल कोठी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार नहीं करने पर सियासी बवाल शुरू हो गया है।

कांग्रेस ने कमला बेनीवाल को अंतिम संस्कार के दौरान राजकीय सम्मान नहीं दिए जाने पर केंद्र सरकार व राज्य सरकार पर हमला बोला है। गौरतलब है कि प्रदेश की पूर्व डिप्टी सीएम और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल का निधन 15 मई को हुआ था। वहीं उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के अंतिम संस्कार के दौरान राजकीय सम्मान नहीं दिया गया। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार से सवाल किया कि कमला बेनीवाल ताम्रपत्र सम्मानित नेता थीं।

वहीं वे एक स्वतंत्रता सेनानी भी थीं। इसके बावजूद उन्हें राजकीय सम्मान नहीं दिया गया। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार पर दिवंगत स्वतंत्रा सेनानी के अपमान का आरोप लगाया। डोटासरा ने पोस्ट में लिखा कि स्वतंत्रता सेनानी और गुजरात की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि में उन्हें राजकीय सम्मान नहीं दिया गया। क्या दिल्ली के इशारे पर दिवंगत सेनानी का अपमान किया गया? या ये मानवीय भूल हुई है? स्वतंत्रता सेनानी को आखिरी सम्मान न देना क्या उचित है? सरकार जवाब दे। अंतिम संस्कार से पूर्व डॉ. कमला बेनीवाल की पार्थिव देह को मालवीय नगर में उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं श्मशान घाट में पूर्व राज्यपाल और पूर्व स्वतंत्रता सेनानी को नियमों के अनुसार प्रोटोकोल नहीं देने से ये पूरा विवाद छिड़ गया।

### कांग्रेस के झंडे में लिपटी पार्थिव देह

कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में भले ही शामिल हो गए है लेकिन अंतिम संस्कार के समय माहौल कांग्रेसमयी रहा। कई सालों तक राजस्थान कांग्रेस की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाली कमला बेनीवाल को कांग्रेस के झंडे में लिपटे पार्थिव शरीर के साथ अंतिम विदाई दी गई। बेनीवाल के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा साफ देखा जा सकता था।

### अंतिम विदाई देने CM सहित कई नेता पहुंचे

डॉ. कमला बेनीवाल के अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री और भाजपा नेता लालचंद कटारिया, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरआर तिवारी, इंद्रराज गुर्जर, पूर्व विधायक महादेव सिंह खंडेला सहित अनेक जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। डॉ. कमला के पुत्र आलोक बेनीवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी।

## जरूरी खबर

### परकोटे में सड़क और बरामदों से दो ट्रक सामान जब्त



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम ने परकोटे में अभियान चलाते हुए गुरुवार को सड़क और बरामदों से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। इस संबंध में हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान सतर्कता शाखा ने आदर्श नगर जोन के साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर, घाट की गुणी, सेठी कॉलोनी पर सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थल से अस्थाई अतिकमण को हटाया और दो ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा कराया गया। उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि सतर्कता शाखा ने व्यापारियों से अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाइश भी की। शाखा आगे भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### गंदगी फैलाने पर वसूला 48600 का कैरिंग चार्ज

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 48600 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया। हेरिटेज निगम अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने गुरुवार को कार्रवाई की। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 38 हजार रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 5000 रुपए और वॉच राइडर ने 5600 रुपए का चालान किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए। सड़क पर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। सूखा और गीला कचरा अलग-अलग पात्र में डालें।

**फूड सेफ्टी की टीम ने मुहाना मंडी से बड़ी मात्रा में बरामद किए फल पकाने वाले केमिकल**

# उपभोक्ता से मंडी में ही धोखा, गैस चैंबर में पका रहे फल-फ्रूट

**बेधड़क** | जयपुर

अगर आप मंडी से फल ला रहे हैं और सोच रहे हैं कि आप प्राकृतिक रूप से पके फल खा रहे हैं तो आप गलतफहमी में हैं। वहां पर भी ज्यादातर केमिकल से पकाए फल ही मिल रहे हैं। फूड सेफ्टी की टीम की ओर से गुरुवार को की गई कार्रवाई में जो हालात सोमने आए हैंख् उनसे तो यही लग रहा है। दरअसल गुरुवार सुबह फूड सेफ्टी की टीम मुहाना मंडी पहुंची। यहां बड़ी मात्रा में फल पकाने वाले केमिकल (फूड राइटनर) बरामद किए गए। केमिकल से फल पकाने वाले 4 व्यापारियों के चालान भी किए गए।



### फलों की टोकरियों में रखा था केमिकल

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे कार्रवाई की गई। यहां दुकान के नीचे बने गैस चैम्बर में फलों की टोकरियां मिली। इनमें केमिकल था। फलों को वहां पकाने का काम किया जा रहा था। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया- कार्रवाई के दौरान पपीते की ढेरियों, आम की टोकरियों के बीच केमिकल रखकर उन्हें पका रहे थे। केमिकल की छोटे-छोटे पुड़ियां फलों के बीच रखी थी। इसके अलावा दुकानों के नीचे बने गैस चैम्बरों में बड़ी मात्रा में कच्चे केले थे। इनमें केमिकल रखकर उन्हें पकाया जा रहा था।



### 6 क्विंटल से ज्यादा केले बरामद

एक दुकान में 6 क्विंटल से ज्यादा केले बरामद हुए। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि इस मामले में अभी टीम कुछ व्यापारियों के चालान काटे हैं। आगे की कार्यवाही अभी जारी है।





### एक दिन पूर्व मारा था रेस्टोरेंट्स पर छापा

इससे पहले टीम ने बुधवार दोपहर को सीकर रोड स्थित नामचीन रेस्टोरेंट खंडेलवाल ढाबा पर भी छापा मारा था। जहां से बड़ी मात्रा में सड़ी सब्जियों और अन्य खाद्य सामग्री को नष्ट करते हुए रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ चालान किया था।

**अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जमकर हुआ बवाल**

# मुहाना मंडी में लाठी-भाटा जंग

**आरोप** मंडी प्रशासन ने व्यापारियों और किसानों पर किया लाठीचार्ज, मोबाइल छीने

**सफाई** अवैध रूप से व्यापार करने वालों ने होमगार्ड्स के साथ की मारपीट

**बेधड़क** | जयपुर

मुहाना मंडी में गुरुवार को जमकर लाठी-भाटा जंग हुई। दरअसल अवैध अतिक्रमण हटाने गई मंडी सचिव टीम और व्यापारियों, किसानों में जमकर बवाल हुआ। पूरा मामला गुरुवार दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच का है, जहां दोनों पक्षों की ओर से जमकर दंगल हुआ। स्थानीय व्यापारियों और किसानों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासक, सचिव और होमगार्ड स्थानीय व्यापारियों और किसानों को टारगेट कर रहे हैं।

खुदरा व्यापारी और किसानों का कहना है कि वह लंबे समय से यहां माल बेच रहे हैं और प्रशासन उनके घर चूल्हा बुझाने का काम कर रहा है। प्रशासक कौशल्या सांकृत्य ने बताया कि कार्रवाई के लिए जब टीम पहुंची तो मंडी में अवैध रूप से जो व्यापार कर रहे थे उन्होंने होमगाड्र्स से लाठियां छीन कर मारपीट की।

उन्होंने बताया कि पत्थरबाजी और मारपीट में 3 होमगार्डों को चोट आई है। उग्र भीड़ के हमले के बाद होमगार्ड की सुरक्षा घेरे में मैंने दौड़कर जान बचाई है। पूरे मामले में पुलिस कार्रवाई के लिए शिकायत दी गई।



### जबरन माल जब्त किया

मुहाना सब्जी मंडी ट्रमिनल मार्केट अध्यक्ष राहुल तंवर ने बताया कि मंडी प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए मंडी के व्यापारियों और किसानों पर लाठीचार्ज किया और मोबाइल छीन लिए। इतना ही नहीं व्यापारियों और किसानों का जबरन माल जब्त किया। पूरे मामले को लेकर मंडी व्यापारियों में आक्रोश है। इसके विरोध में सब्जी मंडी परिसर में व्यापारियों और किसानों की संयुक्त बैठक होगी। इसमें मंडी बंद का निर्णय लिया जाएगा।



### प्रशासन की ओर से समझाइश की, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए

वहीं, मामले में प्रशासक कौशल्या सांकृत्य ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए वे अतिरिक्त सचिव दिलीप सिंह के साथ मय टीम मुहाना मंडी के सब्जी मार्केट परिसर पहुंची थी। वहां पिछले 15 दिनों से अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन की ओर से समझाइश की जा रही थी, लेकिन अवैध अतिक्रमण नहीं हटाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि उग्र भीड़ द्वारा महिला प्रशासक और होमगार्ड समूह पर पत्थरबाजी की।

**हाई कोर्ट ने माना गैर कानूनी**

# हिस्ट्रीशीट खोलने और सर्विलांस के आदेश किए निरस्त



**बेधड़क** | जयपुर

हाई कोर्ट ने बीस साल से आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं रहने के बावजूद हिस्ट्रीशीट बंद नहीं करने और व्यक्तिगत रजिस्टर से नाम नहीं हटाने को गैर कानूनी माना है। कोर्ट ने हिस्ट्रीशीट खोलने और व्यक्तिगत रजिस्टर में नाम दर्ज करने वाले झुंझुनूं एसपी के 19 सितंबर, 2022 के आदेश को रद्द करते हुए पुलिस को हिस्ट्रीशीट और व्यक्तिगत रजिस्टर से याचिकाकर्ता का नाम हटाने को कहा है।

कोर्ट ने एक महीने में याचिकाकर्ता का नाम सर्विलांस रजिस्टर और वेबसाइट से भी हटाने को कहा है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन महेन्द्र कुमार की याचिका पर यह आदेश दिए हैं। एडवोकेट सुरेन्द्र कुमार लांबा ने कोर्ट को बताया कि झुंझुनू एसपी ने 5 अप्रैल, 2006 को याचिकाकर्ता का नाम हिस्ट्रीशीट में और 19 सितंबर, 2022 को व्यक्तिगत रजिस्टर में लिखा था। नियमानुसार अपराधी की हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए उसका न्यूनतम तीन मामलों में लगातार दोष सिद्ध होना आवाश्यक है, जबकि याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज पांच में से तीन मामलों में वह बरी हो चुका है और दो मामलों में उसे परिवीक्षा का लाभ मिला है । 2004 से सादगी से जीवन जी रहा है और पुलिस ने भी इस संबंध में एसपी को रिपोर्ट दी थी लेकिन,एसपी ने उसका नाम व्यक्तिगत रजिस्टर से नहीं हटाया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**फीस एक्ट का पालन नहीं पर हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी**

# बिजनेस बन चुके हैं स्कूल, इनके अकाउंट्स की ऑडिट होना जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

निजी स्कूलों में फीस एक्ट-2016 की पालना नहीं होने पर हाई कोर्ट ने एक बार फिर नाराजगी जताई। गुरुवार को सुनवाई के दौरान प्रमुख शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल हाई कोर्ट में मौजूद रहे। उन्होंने हाई कोर्ट के पिछले निर्देशों के आधार पर तैयार रिपोर्ट आज कोर्ट में पेश की। हाई कोर्ट ने रिपोर्ट को सतही बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने कहा- हम सरकार की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हैं। सरकार स्कूलों के अकाउंट्स की ऑडिट भी करे। स्कूलों को टैक्स में छूट मिल रही है, लेकिन इनकी इनकम लगातार बढ़ती जा रही है। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि आज स्कूल बिजनेस बन चुके हैं। ऐसे में इनके अकाउंट्स की ऑडिट होना बहुत जरूरी है। विभाग चाहे तो इसमें इनकम टैक्स कमिश्नर की भी मदद ले सकता है। दरअसल, कई स्कूलों ने राजस्थान फीस एक्ट 2016 और नियम-2017 के विपरीत फीस में बढ़ोतरी कर दी थी। सरकारी स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर अभिभावकों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है, उसकी भी स्कूलों में पालना नहीं हो रही है।

### अब त्रिपोलिया गेट पर भी ग्रीन नेट



***जयपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर त्रिपोलिया गेट पर भी ग्रीन नेट लगाया गया है, ताकि रेड लाइट पर रुकने वाले लोगों को परेशानी नहीं हो। ग्रेटर निगम की ओर से भी राम बाग चौराहे पर ऐसा ही नेट लगाया हुआ है।*

**हेल्थ चेकअप कैम्प में 256 सफाई मित्र लाभान्वित**

# सफाई निरीक्षकों को दी गई मौसमी बीमारियों से 'लड़ने की ट्रेनिंग'

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर की ओर से गुरुवार को हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया गया। इस दौरान 256 सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों ने हेल्थ चेकअप करवाया। इसी के साथ राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गुरुवार को मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए सफाई निरीक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर जयपुर में कार्यरत जोन एवं वार्ड के सफाई निरीक्षको को लार्वा का डेमोन्सट्रेशन व एंटीलार्वा गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।




### चिकित्सा विभाग के प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. निर्मला शर्मा, उप निदेशक, मलेरिया चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा नगर निगम ग्रेटर जयपुर में कार्यरत जोन एवं वार्ड के सेनेटरी इंस्पेक्टर को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को लार्वा का डेमोन्सट्रेशन, सोर्स रिडक्शन, ऐंटीअडल्ट व एंटीलार्वा गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक डॉ. रश्मि कांकरिया, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (जयपुर प्रथम) डॉ. इंद्रा गुप्ता , उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (जयपुर द्वितीय) डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल समेत चिकित्सा विभाग व नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इधर, सड़क पर फैल रही 'बीमारियों' का 'उपचार'

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा जोन-2 में सेंट्रल स्पाइन से नेशनल हैण्डलूम के पास, विद्याद्यर नगर में सेक्टर नं. 3, 4, 8 की रोड सीमाओं को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में सेंट्रल स्पाइन से नेशनल हैण्डलूम के पास, विद्याद्यर नगर सेक्टर नं.-3, 4, में मकानों के आगे रोड सीमा में ही दोनों तरफ भूखण्डधारियों द्वारा करीब 45 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर लगाए गए थड़ी, ठेले, होर्डिंग, साईन बोर्ड, तिरपाल, टेबल कुर्सियां एवं विद्याद्यर नगर सेक्टर नं.-8 में मस्जिद के पास अवैध रूप से लोहे के ऐंगल लगाकर



बनाए गए टीनशेडनुमा ढाबा, चबूतरा, पत्थर, मलवा, इत्यादि डालकर किए गए अतिक्रमण हटवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-02, 01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## जरूरी खबर

### सवा करोड़ का डोडा-चूरा जब्त, चालक गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** भदेसर थाना पुलिस ने गुरुवार को नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप से 761 किलोग्राम डोडा चूरा जब्त कर चालक भादसोड़ा के निवासी उदयलाल खटीक (33) को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडा चूरा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब सवा करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि तेजपुरिया मोड़ सरहद आसावरा पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान निकुम्भ की तरफ से एक पिकअप आती हुई दिखी। रोकने पर चालक भागने लगा। इस पुलिस ने उसे पीछकर रोका। तलाशी में बड़ी मात्रा में डोडा-चूरा बरामद हुआ।

### बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 18 को

**चाकसू।** दी बार एशोसिएशन चाकसू की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार, 18 मई को दोपहर 12:15 बजे आयोजित किया जाएगा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एन.एल. शर्मा व महासचिव दुर्गाप्रसाद बैरवा ने बताया कि न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान हाईकोर्ट जस्टिस अनिल कुमार उपमन मुख्य अतिथि होंगे। वहीं अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर नंदिनी व्यास करेंगी। कार्यक्रम में विधायक रामावतार बैरवा भी शिरकत करेंगे। इसके अलावा अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश कम संख्या 11 देवेन्द्र सिंह पंवार समेत अन्य न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### सड़क पर चलती कार बनी आग का गोला



**चाकसू।** शिवदासपुरा इलाके के एनएच-52 पर गुरुवार दोपहर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। आग से कार जलकर खाक हो गई। कार सवार ने समय रहते नीचे उतरकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। मौक़े पर पहुंची पुलिसकर्मी जयसिंह ने बताया कि टोंक निवासी चालक इमरान खान कार लेकर जयपुर जा रहा था। शिवदासपुरा टोल से आगे पहुंचते ही कार में अचानक आग लग गई। कार से आग व धुंआ निकलता देख चालक ने अपने सूझबूझ से कार को साइड में रोक दिया और नीचे उतरकर अपनी जान बचाई।

समुचित इलाज के बाद मरीजों को उनके घरों तक पहुंचाने में जुटे 'अस्पताल मित्र'

# लावारिसों की मदद के लिए एमबी अस्पताल की खास मुहिम

**बेधड़क** | उदयपुर



दक्षिणी राजस्थान के महाराणा भूपाल अस्पताल की ओर से एक अनूठी पहल की गई है। इसके तहत बेसहारों और लावारिसों को समुचित उपचार मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही स्वस्थ होने के उपरांत उन्हें उनके घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

दरअसल, इसके लिए एमबी अस्पताल की ओर से एक ग्रुप बनाया गया है, जिसका नाम 'अस्पताल मित्र' रखा गया है। एमबी अस्पताल के अधीक्षक आरएल सुमन ने बताया कि इस साल अस्पताल के कर्मचारियों और डॉक्टरों ने मिलकर लावारिस और अनाथ लोगों के लिए एक मुहिम शुरू की है। इसके तहत ऐसे लोगों का संपूर्ण इलाज किया जा रहा है, जो अनाथ और बेसहारा हैं। वहीं, उपचार के बाद उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था भी अस्पताल की ओर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि कई बार अस्पताल में लावारिस मरीज भर्ती हो जाते थे। ऐसे में कई तरह की दिक्कतें पेश आती थी। यही वजह है कि 'अस्पताल मित्र' मुहिम की शुरुआत की गई है।

### अस्पताल मित्र टीम यूं करती है मरीजों की मदद

अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि जब कोई भी लावारिस और बेसहारा मरीज अस्पताल में आता है तो अस्पताल की टीम इस ग्रुप को इसकी सूचना देती है। उसके बाद केयरटेकर लगाकर मरीज का ध्यान रखा जाता है। वहीं, ऐसे मरीजों को स्वास्थ्य संबंधित जो भी समस्याएं होती हैं, उनका निदान करने के बाद उनको भोजन समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। हालांकि, जब वो पूरी तरह से स्वस्थ हो जाते हैं तब उन्हें उनके घर पहुंचा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों का सोशल मीडिया ग्रुप और नेटवर्क के आधार पर पता किया जाता है।

### सोशल मीडिया के जरिए मरीज को अपनों से मिलाया

अधीक्षक ने बताया कि पिछले दिनों बिहार निवासी एक मजदूर उदयपुर में काम करने के लिए आया था, लेकिन अचानक उसका स्वास्थ्य खराब हो गया। वो पिछले 3-4 साल से अपने घर से बाहर रह रहा था। ऐसे में अस्पताल की ओर से मजदूर का पूरी तरह से इलाज किया गया और फिर उसके घर के बारे में पता कर उसे वहां पहुंचाया गया। इस बीच उसे उसके घर तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया ग्रुप की मदद ली गई और उनसे मजदूर से संबंधित जानकारी साझा की गई।

### 4 माह में 30 से ज्यादा मरीजों की मदद

अधीक्षक ने बताया कि इस तरह के कई अन्य मामले भी सामने आए। कुछ दिनों पहले ही उदयपुर के वल्लभनगर इलाके में एक शख्स सड़क हादसे में जख्मी हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, हादसे की सूचना जख्मी शख्स के परिजनों को नहीं थी। इसके बावजूद अस्पताल की ओर से उस शख्स का पूरी तरह से इलाज किया गया और स्वस्थ होने के बाद पुलिस की मदद से उसे घर तक पहुंचाया गया। आगे उन्होंने बताया कि फिलहाल तक बीते चार माह में 30 से ज्यादा ऐसे मरीजों को उपचार संबंधी मदद मुहैया कराई गई है और आगे भी हमारा यह प्रयास जारी रहेगा।

नगर परिषद पर मनमानी और भेदभाव पूर्ण रवैये का आरोप

# अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई पर उठे सवाल, लोगों में आक्रोश

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर



नगर परिषद की ओर से पिछले दिनों जिला मुख्यालय पर अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्रवाई पर अब सवाल उठने लगे हैं। कहा जा रहा है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर नगर परिषद अधिकारियों द्वारा मनमानी की जा रही है। इसके चलते आमजन में आक्रोश व्याप्त है। शहर में अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर परिषद द्वारा अभियान चलाया जाए इससे किसी को नाराजगी नही है, लेकिन अतिक्रमण हटाने के नाम पर अधिकारियों के भेदभावपूर्ण रवैये और मनमानी आमजन के लिए मुसीबत बन गई है।

नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर दर्जनों गरीबों के रोजगार उजाड़ दिए गए। जो गरीब दो जून की रोटी कमाने के लिए थड़ी- ठेला लगाकर अपना जीवन यापन कर रहा था उसे नगर परिषद ने एक झटके में हटा दिया। वहीं नगर परिषद प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण हटाने के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। ऐसा ही वाकिया रणथंभौर रोड पर देखने को मिला। यहां अतिक्रमण हटाने के नाम पर कई होटल- ढाबों व दुकानों के सामने लगी रैलिंग सहित अन्य निर्माण को ध्वस्त कर दिया, लेकिन रसूखदार एंव प्रभावशाली लोगों के होटलों के आगे नगर परिषद का पीला पंजा नही चला। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने में भेदभावपूर्ण कार्रवाई की गई है।

### केबल लाइनें हटाई, कनेक्शन हुए बंद

नगर परिषद द्वारा बजरिया स्थित मुख्य बाजार से विधुत पोल पर लगी निजी कई कंपनियों की टीवी चैनल केबलों एंव इंटरनेट केबलों को काटकर हटा दिया गया और कैबल को जब्त कर लिया गया । नगर परिषद की इस कार्यवाही से बाजार के व्यापारियों सहित अन्य लोगो के टीवी एंव इंटरनेट बंद हो गए ,जिससे लोगो को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा , वही निजी कंपनियों को भी लाखों का नुकसान हुवा । नगर परिषद की इस कार्यवाही से कैबल संचालको सहित स्थानीय लोगो मे खासा रोष देखने को मिला।

### सांसद के होटल के बाहर कार्रवाई की खासी चर्चा

नगर परिषद द्वारा रणथंभौर रोड पर हटाए गए अतिक्रमण के दौरान दौसा सांसद जसकोर मीणा को भी नही बख्शा गया। नगर परिषद की जेसीबी ने जसकोर मीणा की होटल के आगे लगी रैलिंग को अतिक्रमण मानकर तोड़ दिया। जसकोर मीणा की होटल पर हुई कार्रवाई की लोगो मे खासी चर्चा है। बताया जा रहा है कि राजनीतिक द्वेषता के चलते एक बड़े नेता के इशारे पर नगर परिषद द्वारा होटल पर नगर परिषद का पीला पंजा चला है। प्रदेश के बड़े नेता और जसकोर मीणा की आपसी राजनीतिक द्वेषता किसी से छिपी नही है।

### कहीं तोड़े तो कहीं छोड़े अतिक्रमण, कार्रवाई में भेदभाव

नगर परिषद द्वारा रणथंभौर रोड पर अतिक्रमण हटाने के दौरान की गई कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। इसका कारण परिषद दस्ते द्वारा कहीं अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाना है तो कहीं छोड़ दिया जाना है। परिषद की अतिक्रमण को लेकर भेदभाव से लोगों में रोष है। नगर परिषद द्वारा रणथंभौर रोड पर सड़क सौ फुट मानते हुए यहां हुए निर्माण को अतिक्रमण मानकर तोड़ने की कार्रवाई की गई। नगर परिषद दस्ते ने भाजपा सांसद सहित कई छोटी-बड़ी होटलों के सामने अस्थाई या मामूली निर्माण को भी अतिक्रमण मानते हुए ध्वस्त कर दिया। वहीं एफसीआई गौदाम के सामने स्थित एक होटल को नजर अंदाज कर दिया गया, जबकि यहां भी सड़क किनारे होटल की सीमा से आगे लगभग दस फीट तक तार फेंसिंग कर पेड़ लगा रखे हैं। यहां इसमें होटल स्टाफ के वाहन की पार्किंग की जाती है। इस अतिक्रमण पर नगर परिषद दस्ते ने कार्रवाई करना उचित नहीं समझा। वहीं अन्य होटलों के सामने कुछ एकाध फीट पर तार फेंसिंग कर लगाई गई फुलवारी को भी तोड़ दिया गया। नगर परिषद दस्ते की यह मुंह देखकर कार्रवाई लोगों में खासा चर्चा का विषय बनी हुई है।

पीड़ित को पूजा के दौरान किया बेहोश

## रुपए दुगने करने के नाम पर 11.51 लाख की ठगी, ढोंगी बाबा व साथी फरार

**बेधड़क** | बूंदी




जिले के जवाहर नगर निवासी एक व्यक्ति के साथ रुपए दुगने करने का लालच देकर 11 लाख 51 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगी के बाद पीड़ित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली थाना अधिकारी तेजपाल ने बताया कि जवाहर नगर निवासी प्रभु लाल गुर्जर अपने परिवार के साथ डेढ़ माह पहले गुजरात गया था, जहां उसे एक बाबा मिला। उसने प्रभुलाल से पैसे दुगने करने की बात कही। प्रभु लाल ने बाबा को 25 हजार रुपए दिए बाबा ने प्रभुलाल को पैसे दोगुने कर 50 हजार लौटा दिए, इसके बाद परिवार बूंदी लौट आया। थाना अधिकारी ने बताया कि इसके बाद प्रभुलाल गुर्जर के परिवार का बाबा से मोबाइल पर निरंतर संपर्क बना रहा।

इसी बीच रुपयों की जरूरत होने पर प्रभुलाल गुर्जर ने बाबा से संपर्क किया, तो बाबा ने एक व्यक्ति को बूंदी भेज दिया, लेकिन तब प्रभुलाल ने उससे मुलाकात नहीं की और उसे वापस रवाना कर दिया। बुधवार शाम को प्रभुलाल के परिवार ने बाबा को ही बूंदी बुलाया। बाबा को लेने वे कार से कोटा भी गए। इसके बाद प्रभुलाल ने बाबा को 7 लाख रुपए देकर डबल करने के लिए कहा, तो बाबा ने कहा कि 11 लाख 51 हजार से कम की राशि डबल नहीं होगी। थाना अधिकारी ने बताया कि बाबा के साथ आए दो सदस्यों ने कहा कि मंदिर में चलकर पूजा करनी पड़ेगी, उसके बाद ही रकम दोगुनी होगी। इसके बाद बुधवार रात बालचंद पाड़ा स्थित भेरू मंदिर में रकम लेकर प्रभुलाल और उसके साथी पहुंचे। वहां से चौथमाता मंदिर, रामगंज बालाजी, फिर रात को कालभैरू मंदिर बालचंदपाडा पहुंचे और पूजा-अर्चना शुरू की गई। पूजा के दैरान कुछ देर में ही प्रभुलाल और उसके सभी साथी बेहोश हो गए। इस बीच दोनों ढोंगी बाबा 11 लाख 51 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। कोतवाली थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में भजन गायक दो युवकों की मौत

## बाइक सवारों को सौ मीटर तक घसीटता ले गया कंटेनर

**बेधड़क** | बीकानेर



जिले के श्रीडूंगरगढ़ में कंटेनर की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद कंटेनर दोनों बाइक सवार युवकों को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डाक से लदा कंटेंनर जयपुर से बीकानेर की तरफ आ रहा था। वहीं दोनों बाइक सवार शादी में बाइक से रतनगढ़ जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों के शवों को श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवक भजन गायक थे। हादसे में हरिराम नायक (30) पुत्र राजाराम नायक और सीताराम मेघवाल (40) पुत्र कानाराम मेघवाल की मौत हो गई। दोनों कुंतासर गांव के रहने वाले थे। दोनों गांव-गांव जाकर भजन गाते थे।

इनकी भजन मंडली के ही एक सदस्य की शादी में शामिल होने के लिए दोनों बाइक पर रतनगढ़ जा रहे थे। रास्ते में कंटेनर ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सहित कंटेनर में फंस गए और कंटेनर दोनों को करीब सौ मीटर तक घसीटते ले गया। इसके चलते बाइक चकनाचूर हो गई और भजन गायकों ने मौके पर दम तोड़ दिया।

पुलिस ने छह माह से गुमशुदा 176 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे

## खोए मोबाइल मिले तो चेहरे पर लौटी खुशी

**बेधड़क** | अजमेर





शहर में पिछले छह माह में लोगों के गुम हुए 176 मोबाइल पुलिस ने बरामद किए हैं। कई मोबाइल लोगों को बुलाकर उन्हें सौंप दिए गए हैं। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बरामद किए मोबाइल की लागत करीब 35 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने शहर के विभिन्न थानों में मोबाइल गुम होने के मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस ने इन्हें ट्रेस कर मोबाइल बरामद किए हैं। कुछ लोगों को बुलाकर उनके मोबाइल सौंपे भी गए हैं। इस प्रकार अब तक 176 मोबाइल बरामद किए हैं।

विगत छह माह में दर्ज मामलों में यह कार्रवाई की गई है। एसपी बिश्नोई ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल को आईएमईआई नम्बर के माध्यम से ट्रेस कर बरामद किए गए हैं। इसमें साइबर सेल टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एसपी देवेंद्र विश्नोई ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक बार पारिवारिक काम से मलेशिया जाना हुआ।

उनका भी मोबाइल एक वाहन में रह गया था। हालांकि, मलेशिया पुलिस ने मेरा गुम मोबाइल खोज कर मुझे मेरे होटल के कमरे तक पहुंचा दिया। लिहाजा मोबाइल गुमने की पीड़ा को मैंने महसूस किया है। उन्होंने बताया कि बरामद मोबाइल ज्यादातर स्थानीय लोगों के हैं। वहीं कुछ मोबाइल दरगाह में आने वाले जायरीन के हैं।

एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने संदेश भी दिया है मोबाइल में कांटेक्ट और अन्य आवश्यक डेटा का बेकअप जरूर रखें।

अजमेर चौराहे पर सब्जियां बेचने की अनुमति देने की मांग

# किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पुलिस ने भांजी लाठियां

**बेधड़क** | भीलवाड़ा



अजमेर चौराहे से हटाने के विरोध और एक निश्चित समय में सब्जी उत्पादक किसानों को वहां अपनी दुकान लगाने की अनुमति देने की मांग को लेकर किसानों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

कलेक्ट्रेट के बाहर उस समय अफरा तफरी मच गई जब सब्जी उत्पादक किसानों के प्रदर्शन पर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। इसके बाद आक्रोशित किसानों ने अपनी सब्जियां कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क पर फैंककर नारेबाजी शुरू कर दी। बाद में एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर किसानों से समझाइश कर मामला शांत करवाया। दरअसल, शहर के अजमेर चौराहा पुलिया के पास लग रही अस्थाई सब्जी मंडी के कारण वहां अतिक्रमण हो रहे थे, जिससे चौराहे पर दिन भर जाम की स्थिति रहती है। प्रशासन ने बुधवार को यहां से हटाकर कृषि मंडी प्रागण में ही मंडी लगाने के निर्देश दिए। इसके विरोध में सब्जी उत्पादक किसान सब्जियों से भरी अपनी गाड़ियां लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि वे अजमेर पुलिया चौराहे के पास वर्षों से खेत से सब्जी लाकर खुदरा विक्रेताओं को बेच रहे हैं। ऐसे में उन्हें यहीं पर हॉलसेल सब्जी बेचने के लिए निश्चित समय दिया जाए, लेकिन प्रशासन ने इन्हें इजाजत नहीं दी। उन्हें कृषि उपज मंडी प्रांगण में ही सब्जी बेचने को कहा गया। इसके विरोध में कलेक्ट्रेट पर सब्जी विक्रेता किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सब्जी उत्पादक किसानों व पुलिस के बीच झड़प हो गई। जब किसान कलक्ट्रेट से नहीं गए तो पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठियां भांजकर उन्हें भगाने की कोशिश की। इस दौरान आवेश में आकर किसानों ने भी अपनी सब्जियां कलेक्ट्रेट के गेट पर ही फेंक दी। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में एडीएम ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया।

### मांगों पर विचार कर जल्द करेंगे समाधान

इस मामले को लेकर भीलवाड़ा उपखंड अधिकारी आईएएस आव्हाद निवृति सोमनाथ ने कहा कि शहर में अजमेर चौराहे के निकट अस्थाई सब्जी मंडी स्थित है। इस कारण वहां आए दिन जाम लगता है। इसलिए इनको प्रशासन दूसरी लोकेशन पर स्थापित करना चाह रहा है। इस बीच लोकल सब्जी विक्रेताओं और सब्जी उत्पादक किसानों के बीच अनबन हो गई। इसके बाद किसान कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। किसान अपनी पुरानी जगह पर सब्जी बेचने के लिए निश्चित समय की मांग कर रहे हैं, उनकी इस बात पर विचार विमर्श कर जल्द समाधान किया जाएगा।

### खुदरा सब्जी बेचने की दी जाए जगह

विरोध प्रदर्शन में शामिल किसान ताराचंद कीर ने कहा कि किसान लोग अजमेर चौराहे पर सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक होलसेल में सब्जियां बेचने की मांग कर रहे हैं। उसने कहा कि किसानों की वजह से वहां भीड़ नहीं रहती, यह भीड़ फुटकर सब्जी बेचने वाली महिलाओं के कारण रहती है। उनको बंद किया जाए, किसानों को नहीं।

पुलिस ने निभाया सामाजिक सरोकार

## लांगरी के बेटे की शादी में दी 31 हजार की मदद



**बेधड़क** | चाकसू

कहते है जब ऊपर वाला यदि किसी गरीब की मदद करना चाहे तो वह किसी भी रूप में आकर कर सकता है। ऐसा ही कुछ नजारा गुरुवार को कोटखावदा थाने के लांगरी (रसोइया) के बेटे की शादी में देखने को मिला। इसमें कोटखावदा थाना पुलिस ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए गरीब परिवार की आर्थिक मदद कर उसे संबल प्रदान किया। जानकारी के अनुसार कोटखावदा के मैस लांगरी दिनेश प्रजापत के बेटे की शादी समारोह में कोटखावदा थाना प्रभारी अब्दुल वहीद सहित स्टाफ द्वारा 31 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की गई, ताकि गरीब परिवार को शादी समारोह में आर्थिक मदद मिल सकें।

अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को हिंदी माध्यम बनाने के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज

# बेहतर ढंग से अंग्रेजी शिक्षा लागू करेगी भाजपा: लक्ष्मीकांत

■ शिक्षा मंत्री ने रिव्यू करने की बात कही, बंद करने की नहीं ■ बिना अध्यापक ये स्कूल शुरू कर कांग्रेस ने बनाया शिक्षण व्यवस्था को मजाक ■ गुटों में बंटे कांग्रेसी नेता कर रहे दिखावटी विरोध

बेधड़क | जयपुर






अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को हिन्दी मीडियम में बदलने की चर्चाओं के बाद कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज कसते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने राज्य में बिना शिक्षक, बिना विद्यालय भवन और बिना आधारभूत ढांचे के अंग्रेजी स्कूल शुरू कर शिक्षण व्यवस्था को मजाक बना दिया था। अब भाजपा सरकार राज्य में अंग्रेजी शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए इसे बेहतर ढंग से लागू करेगी। उन्होंने कांग्रेस के प्रदर्शन पर कहा कि गुटो में बंटी कांग्रेस के नेता अपना अस्तित्व और साख बचाने के लिए बचाने धरने प्रदर्शन की राजनीति कर रहे है। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिनरात मेहनत कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन सिर्फ राजनीतिक स्टंट है और राज्य की भजनलाल सरकार और भाजपा कभी भी अंग्रेजी स्कूलों के विरोध में नहीं है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस सरकार ने बिना ठोस नीति के जल्दबाजी में योजना चलाई उसे हमारी सरकार बेहतर ढंग से लागू करेगी। भाजपा हमेशा से ही इंग्लिश मीडियम स्कूल के पक्ष में रही है, लेकिन कांग्रेस सरकार को इंफ्रास्ट्रक्चर को देखकर इसकी घोषणा करनी चाहिए थी। इन स्कूलों में जो टीचर हैं, उन्हें इंग्लिश नहीं आती, क्लासेस नहीं हैं। कांग्रेस ने सिर्फ दिखावा किया, पिछले 5 साल में कांग्रेस सरकार ने एजुकेशन में कोई काम नहीं किया।

### इंग्लिश पढ़ाने वाले शिक्षक जरूरी

भाजपा सरकार बनने के बाद शिक्षा प्राथमिकता में है इसलिए जो महसूस किया उससे साफ है कि कांग्रेस ने शिक्षा का कबाड़ा कर दिया। बच्चों को स्कूल छोड़ना पड़ रहा है, क्योंकि स्कूल तो खोल दिए, लेकिन टीचर नहीं हैं। कांग्रेस सरकार को इस योजना को लागू करने से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर अध्यापकों की ट्रेनिंग करवानी चाहिए थी, इंग्लिश पढ़ाने वाले अध्यापक होंगे, तभी बच्चे पढ़ेंगे।

### कांग्रेस फैला रही है भ्रम

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। वहीं कांग्रेस नेता अंग्रेजी स्कूलों को लेकर जनता में भ्रम फैला रहें है, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इन स्कूलों का रिव्यू करने के लिए कहा है, ना कि इन्हें बंद करने के लिए। रिव्यू के बाद बेहतर तरीके से इन अंग्रेजी स्कूलों का संचालन किया जाएगा।

## Yuva स्टोरीज

## जयपुर अकादमी ने 5 विकेट से जीता मैच

बेधड़क | जयपुर



न्यू भारत कप के एक मैच में जयपुरिया अकादमी ने कोडाई अकादमी पर 5 विकेट से जीत हासिल की। जयपुरिया ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण चुना। कोडाई अकादमी की टीम ने उत्कर्ष सैनी के 119 और कुणाल चौधरी के 55 रनों की मदद से 257 बनाए। जयपुरिया एकेडमी की ओर से भव्य शर्मा ने 4 विकेट लिए। जवाब में जयपुरिया अकादमी ने सिर्फ 5 विकेट के नुकसान पर 261 बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। जयपुरिया की और से भव्य शर्मा ने 102 नाबाद की शानदार पारी खेली। कोडाई अकादमी की तरफ से चर्चित ने 3 विकेट लिए

## राजनीति विज्ञान की परीक्षा संपन्न

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के तहत गुरुवार को ऐच्छिक विषय राजनीति विज्ञान की परीक्षा का आयोजन अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालय पर किया गया। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया की उक्त विषय की परीक्षा के लिए कुल 25216 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र- प्रथम की परीक्षा में 8139 अभ्यर्थी एवं दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र- द्वितीय की परीक्षा में 7912 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए।

## सीबीएसई: मानवी और जानविका का श्रेष्ठ प्रदर्शन


मानवी यादव


जानविका बियानी

बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर स्थित कैंब्रिज कोर्ट हाईस्कूल की मानवी यादव ने सीबीएसई के दसवीं बोर्ड एग्जाम में 96.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान वाले विद्यार्थियों में अपना नाम दर्ज कराया। इसी तरह एक अन्य इंस्टिट्यूट की छात्रा जानविका बियानी ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## अब 6 जून तक जमा कराए जा सकेंगे आवेदन

■ महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में बढ़ी आवेदन तिथि

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सरकार ने प्रदेश की महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में एडमिशन की तारीख को एक बार फिर बढ़ा दिया है। प्रदेशभर के 3700 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिए अब स्टूडेंट्स 6 जून तक शाला दर्पण के माध्यम से ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे। इसके बाद लॉटरी के माध्यम से स्टूडेंट्स का सिलेक्शन कर उन्हें एडमिशन दिया जाएगा। दरअसल, प्रदेशभर में संचालित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल जिनमें प्री-प्राइमरी कक्षाएं या बाल वाटिकाएं हैं। उनमें नर्सरी की सभी सीटों पर एडमिशन देना होगा, जबकि दूसरी कक्षाओं में सिर्फ खाली सीटों पर ही एडमिशन होगा। हालांकि जिन स्कूलों में पिछले सत्र में कक्षा 1 से 5 तक का संचालन किया जा रहा था। उनमें इस साल कक्षा 6 का संचालन होगा। इसी तरह 9वीं तक की स्कूलों में इस साल 10वीं और 11वीं तक की स्कूलों में 12वीं कक्षा का संचालन होगा। इन स्कूलों में पिछली कक्षा पास करके आए स्टूडेंट्स को पहले एडमिशन मिलेगा। उसके बाद सीटें खाली रहने पर उनमें दूसरे स्टूडेंट्स को भी एडमिशन दिया जाएगा। जिन स्कूलों में बीते साल 10वीं तक की कक्षाएं चल रही हैं। उनमें इस बार 11वीं कक्षा में जो सब्जेक्ट सेक्शन होंगे, उन्हीं में एडमिशन होगा। इसके लिए गाइड लाइन बाद में जारी की जाएगी।

CUET UG 2024 अंग्रेजी पेपर में गड़बड़ी

# अभ्यर्थियों का आरोप... समय पूरा नहीं दिया गया

■ लिखने के लिए कम समय था और प्रशासनिक कार्यों में समय बर्बाद करने की शिकायत

बेधड़क | जयपुर/नई दिल्ली



कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2024 के बुधवार को आयोजित अंग्रेजी पेपर में शामिल होने वाले छात्रों ने परीक्षा केंद्रों पर कम समय, कुप्रबंधन और अराजकता की शिकायत की। अभ्यर्थियों का आरोप है कि उन्हें पेपर लिखने के लिए 45 की जगह 30 मिनट का समय दिया गया और वे समय पर परीक्षा पूरी नहीं कर सके। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने दूसरी पारी में दोपहर 3 बजे से 3:45 बजे तक अंग्रेजी का पेपर आयोजित किया। कई परीक्षार्थियों ने सोशल मीडिया पर कहा कि CUET UG 2024 का अंग्रेजी का पेपर लंबा था और उन्हें परीक्षा खत्म करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। छात्रों ने आरोप लगाया कि ओएमआर शीट और अन्य विवरण भरने जैसे प्रशासनिक कार्यों को पूरा करने में उनका समय बर्बाद हुआ, जिसके लिए उन्हें अतिरिक्त मिनट दिए जाने चाहिए थे। एक छात्र ने कम समय की शिकायत की और एक्स पर लिखा, "उम्मीदवारों को आवेदन संख्या, रोल नंबर आदि भरने के लिए परीक्षा से कम से कम 30 मिनट पहले दिया जाना चाहिए। हमें रोल नंबर और अन्य विवरणों के लिए ओएमआर भरने के लिए सिर्फ 5 मिनट मिले। यह कम से कम 30 मिनट का होना चाहिए था, क्योंकि इन विवरणों को 5 मिनट में पूरा करना संभव नहीं है और इस वजह से एमसीक्यू करने का समय कम हो जाता है।

> "कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी) 2024 का पहला दिन पूरे भारत में 'सफलतापूर्वक' आयोजित किया गया और 75 प्रतिशत से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल हुए। CUET 2024 दिन 1 दिल्ली में 258 परीक्षा केंद्रों को छोड़कर पूरे भारत में चार स्लॉट में रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंग्रेजी और सामान्य परीक्षणों के लिए आयोजित किया गया था।
>
> ममीडाला जगदेश कुमार, अध्यक्ष, यूजीसी

### सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सत्यापन

जयपुर के एक अन्य अभ्यर्थी ने आरोप लगाया कि जयपुर के केंद्रीय विद्यालय 1 में आयोजित सीयूईटी पेपर में उन्हें ओएमआर शीट भरने सहित परीक्षा लिखने के लिए कुल 45 मिनट का समय दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि ओएमआर शीट भरने के लिए हमेशा 15 मिनट का समय दिया जाता है और कक्षा में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सत्यापन करने के लिए कहा जाता है। डीएवी पब्लिक स्कूल में सीयूईटी 2024 पेपर देने वाले एक परीक्षार्थी ने कहा कि केवल 30 मिनट दिए गए, क्योंकि बायोमेट्रिक सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा था।

### परीक्षा देर से शुरू, पूरक समय नहीं दिया

परीक्षा के अनुभव से निराश एक अन्य छात्र ने कहा, "परीक्षा केंद्र पर एक दुखद अनुभव रहा। निरीक्षक अनभिज्ञ थे; परीक्षा देर से शुरू हुई और प्रतिपूरक समय नहीं दिया गया। परीक्षा हॉल के अंदर कर्मचारी आपस में बहस कर रहे थे, जिससे परीक्षार्थी परेशान हो रहे थे।" एक छात्र ने एक्स पर लिखा, "आज आयोजित सीयूईटी यूजी परीक्षाओं में घोर कुप्रबंधन हुआ। पेपर देर से बांटे गए और अतिरिक्त समय भी नहीं दिया गया।"

### आज की परीक्षा की अधिसूचना जारी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 17, 18 मई को दिल्ली केंद्रों पर आयोजित होने वाली सीयूईटी यूजी 2024 परीक्षा के लिए आवश्यक अधिसूचना जारी की है। जो परीक्षा के संशोधित प्रवेश पत्र के साथ संबंधित है। एनटीए ने अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए जारी एडमिट कार्ड दोबारा डाउनलोड करने की सलाह दी है। हालांकि, जिन उम्मीदवारों ने 15 मई शाम 5 बजे के बाद एडमिट कार्ड डाउनलोड किया था, उन्हें इसे दोबारा डाउनलोड करने की जरूरत नहीं है।

एसकेआईटी में मनाया प्रकाश दिवस: लेजर के पहले संचालन की स्मृति में आयोजन...

# प्रकाश के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास




■ 'लेजर और ऑप्टिकल उपकरण' विषय पर एक प्रश्नोत्तरी सत्र भी हुआ

बेधड़क | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस का आयोजन स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी), जयपुर के ऑप्टिका छात्र अध्याय द्वारा 16 मई 2024 को किया गया। साल 1960 में भौतिक विज्ञानी और इंजीनियर, थियोडोर मैमन द्वारा लेजर के पहले सफल संचालन की याद में यह दिन प्रत्येक वर्ष 16 मई को मनाया जाता है। इस दिन को प्रकाश के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, जिससे कि प्रकाश आधारित तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहन दिया जा सके। इस आयोजन की शुरुआत संस्थान के प्रो. मोनिका माथुर और डॉ. रुखसार जफर के उत्साहजनक व्याख्यान के साथ हुई। उन्होंने छात्रों को इस तकनीक के उपयोग से नवाचार के लिए प्रेरित किया।

### जीवन में प्रकाश का महत्व बताया

जफर ने दैनिक जीवन में प्रकाश के महत्व को बताया और और यह भी बताया कि इस तकनीकी के उपयोग से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में लाभकारी परिणाम प्राप्त हुए। उन्होंने ऑप्टिका छात्र अध्याय, एसकेआईटी के महत्वपूर्ण बिंदुओं और लाभों को भी उजागर किया।

### प्रश्नोत्तरी में विजेता पुरस्कृत

कार्यक्रम में "लेजर और ऑप्टिकल उपकरण" विषय पर एक प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित की गई। जिसमें विजेताओं को रोमांचक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरण राठी और प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

संत श्री सुधासागर गर्ल्स कॉलेज के तत्वावधान में श्रमण संस्कार शिविर...

## छह द्रव्यों का वर्णन को ही कहते हैं द्रव्य संग्रह

बेधड़क | जयपुर



जनकपुरी ज्योति नगर में श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत संचालित संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में चार क्लास में छात्रों ने अध्ययन किया । विदुषी नैन्सी ने ध्यान केंद्र में चल रही द्रव्य संग्रह की क्लास में बताया कि द्रव्यसङ्ग्रह (द्रव्यों का संग्रह) 9-10 वीं सदी में लिखा गया एक जैन ग्रन्थ है। यह सौरसेणी प्राकृत में आचार्य नेमिचंद्र द्वारा लिखा गया था। द्रव्यसंग्रह में कुल 58 गाथाएं हैं। इनमें छह द्रव्यों का वर्णन है, जो हैं- जीव, पुद्गल, धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य, आकाश और काल द्रव्य । प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार शिविर नमोकार, प्रार्थना व नवीन विनय सेठी परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ । शिविर में नित्य प्रातः बाल संस्कार , सिद्धांत प्रवेशिका , इष्टोपदेश , द्रव्य संग्रह व शाम को छहढाला की कक्षायें शुरू की गई है ।

संस्कृत विभाग की पदोन्नति समिति की बैठक

## 818 पदों के लिए रिव्यू

**अजमेर।** RPSC सदस्य अयूब खान की अध्यक्षता में गुरुवार को संस्कृत शिक्षा विभाग पदोन्नति समिति बैठक हुई। इसमें सहा. निदेशक, प्रिंसिपल, प्रधानाध्यापक (प्रवेशिका), प्राध्यापक (18 विषय), व. अध्यापक (6 विषय) के पदों के लिए पदोन्नति प्रकरणों पर विचार किया गया। इस दौरान कुल 818 पदों के लिए 3 रिव्यू डीपीसी बैठकें भी संपन्न हुई, इसमें सहा. निदेशक के 3, प्रधानाचार्य के 1, प्रधानाध्यापक प्रवेशिका के 83, प्राध्यापक के 154 एवं व. अध्यापक के 577 पदों के लिए पदोन्नति प्रकरणों पर विचार हुआ। बैठक में संस्कृत शिक्षा विभाग सचिव पूनम, स्वायत्त शासन विभाग, अजमेर की डीडी भावना गर्ग, आयुक्त संस्कृत शिक्षा विजय पाल सिंह व अन्य अधिकारी भी बतौर सदस्य सम्मिलित हुए।

बदलती तस्वीर | शिक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

# AI की शैक्षिक परिदृश्य को समझने में महत्ती भूमिका

बेधड़क | नई दिल्ली




"आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में सीखने के अनुभवों को नया आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, इस परिवर्तन में विश्वविद्यालय और एडटेक प्लेटफॉर्म सबसे आगे हैं। उद्योग जगत के नेताओं ने एआई कौशल की मांग में वृद्धि की रिपोर्ट दी है, जिसमें नामांकन आसमान छू रहे हैं और कैरियर के विभिन्न चरणों में व्यक्तियों के कौशल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। शैक्षिक संस्थान उभरती कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तेजी से विशेष एआई पाठ्यक्रमों को अपना रहे हैं और पेश कर रहे हैं, जो प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में शैक्षिक परिदृश्य में एक आदर्श बदलाव को दर्शाता है। उद्योग निकाय नैसकॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार औसत से अधिक मुआवजे और विकास संभावनाओं के कारण भारत 3.09 के स्कोर के साथ एआई कौशल प्रवेश में पहले स्थान पर है। इसकी एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटा और एआई 2025 तक भारत की जीडीपी में 450-500 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़ सकते हैं। अपग्रेड के सह-संस्थापक और एमडी मयंक कुमार ने कहा कि जेनएआई एक "एक्सेल-जैसी घटना" बनने की राह पर है। बाजार पहले से ही विशिष्ट कौशल की उच्च मांग दिखा रहा हैहै। यह प्रवृत्ति मध्य-कैरियर या वरिष्ठ पेशेवरों तक ही सीमित नहीं है; यहां तक कि नए लोग भी अपने उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र की परवाह किए बिना बुनियादी एआई कौशल विकसित करने के इच्छुक हैं।

### एआई पाठ्यक्रम नामांकन: उद्योग अंतर्दृष्टि

कुमार ने कहा, "वित्त वर्ष 24 में अपग्रेड पर टेक, डेटा और जेनएआई पाठ्यक्रमों में नामांकन 6,000 प्रति तिमाही तक पहुंच गया, जिसमें 1.4 लाख शिक्षार्थी एक वर्ष में मुफ्त पाठ्यक्रमों में शामिल हुए।" राघव गुप्ता, एमडी, एपीएसी और भारत, कौरसेरा ने एआई कौशल की बढ़ती मांग की भावना को दोहराया। उन्होंने कहा, "मोटे तौर पर, 2023 में हर 3 मिनट में, भारत में किसी ने कौरसेरा पर जेनएआई सामग्री के लिए नामांकन किया। 2024 में, यह मांग हर मिनट नामांकन के साथ चौगुनी हो गई।" उन्होंने कहा कि एआई व्यवधान उत्पन्न करने वाला और सक्षम बनाने वाला दोनों होगा। "जेनरेटिव एआई की तीव्र प्रगति उद्योगों को नया आकार दे रही है और यहां तक कि उच्च-कुशल नौकरियों को स्वचालन के खतरे में डाल रही है। कौरसेरा पर जेनएआई पाठ्यक्रमों की बढ़ती मांग इस बात का संकेत है कि यह तकनीक उस क्षमता को उजागर कर सकती है।

# मुल्क की साझा संस्कृति के पैरोकार थे शमीम



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रोफेसर शमीम हनफी, उर्दू अदब की आबरू थे। उर्दू अदब के वे जैसे इनसाइक्लोपीडिया थे। उर्दू अदब की तारीख और अहम शख्सियतों के बारे में उन्हें मुंह जबानी याद था। पूछने भर की देर होती और उनके अंदर से अनेक किस्से बाहर निकलकर शक्ल लेने लगते। साफ-ओ-शफ्फाफ और दिल को छूती हुई उनकी आवाज सुनने वालों पर एक अलग ही जादू करती थी। उर्दू का कदीम जमाना और तरक्कीपसंद तहरीक गोया कि वे उर्दू अदब से जुड़े हर मरहले, मौजू के आधिकारिक विद्वान थे।

किसी भी अदबी महफिल की भी जान होते थे। हिंदी-उर्दू से इतर वे हिंदुस्तानी जबान में अपनी बात कहते थे, जो हर एक को आसानी से समझ में आती थी। उनके अदबी कारनामों की फेहरिस्त काफी लंबी है। उर्दू अदब में जदीदियत मौजू पर शम्सुर्रहमान फारूक़ी के बाद शमीम हनफी का तारीखी काम था। साल 1976-77 में मशहूर नक्काद अहमद सुरूर की सरपरस्ती में उन्होंने इस मौजू पर डी. लिट किया था। 'जदीदियत की फल्सफियाना असास' और 'जदीदियत और नई शायरी' इस मौजू पर उनकी अहमतरीन किताबें हैं। शमीम हनफी के कई तआरुफ थे। शायर, ड्रामा निगार, अफसाना निगार, तर्जुमा निगार, तनकीद निगार और हिंदी-उर्दू के ऐसे बेदार दानिश्वर जिनके इल्म और अदबी स्थापनाओं का सभी लोहा मानते थे।

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में जन्मे शमीम हनफी की फिराक गोरखपुरी, एजाज हुसैन और एहतेशाम हुसैन जैसे उस्तादों की सरपरस्ती में तालीम-ओ-तर्बीयत हुई। ग्रेजुएशन के बाद वे कुछ साल 1965 से 1969 तक मध्य प्रदेश के इंदौर में भी रहे। वहां उन्होंने एक कॉलेज में लेक्चरशिप की। इंदौर में ही उन्होंने अपना पहला ड्रामा 'आखिरी कश' लिखा। जो काफी मकबूल हुआ। शमीम हनफी के लिखने की शुरुआत हिंदी से हुई, बाद में वे पूरी तरह से उर्दू में आ गए। उर्दू के बड़े आलोचक आले अहमद सुरूर के बुलावे पर अलीगढ़ यूनीवर्सिटी पहुंचे। वहां पहुंचते ही उन्हें सीनियर फेलोशिप मिल गई। उन्होंने डी. लिट किया। डी. लिट के बाद यूनीवर्सिटी में ही लेक्चरर हो गए। अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में भी प्रोफेसर शमीम हनफी का कयाम ज्यादा नहीं रहा। बीसवीं सदी के आठवें दशक में वे दिल्ली आ गए और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में बरसों तक उर्दू के प्रोफेसर एमेरिटस रहे। जामिया में ही रहते हुए उन्होंने यूनिवर्सिटी की मैगजीन 'जामिया' का कई सालों तक सम्पादन किया। यहीं से रिटायर होकर, दिल्ली को ही अपना कार्यक्षेत्र बनाया। शमीम हनफी एक कामयाब कॉलम निगार भी थे। उनके कॉलम, मुल्क के मुख्तलिफ अखबारों में छपते रहे। उनका कॉलम लिखने का सिलसिला साल 1963 से शुरू हुआ और तकरीबन आधी सदी तक मुसलसल चला। उन्होंने कॉलम लेखन को कभी अपना पेशा नहीं बनाया।



**प्रोफेसर शमीम हनफ़ी की जयंती**

> *शमीम हनफी का साफ तौर पर मानना था, 'एक बेहद बारीक दीवार खड़ी हो गई है। पढ़े-लिखे लोग भी कहने लगे हैं कि कुछ भी हो, राष्ट्रहित तो एक चीज होती है। ऐसा लगता है कि भारत और पाकिस्तान दोनों में आत्महत्या की प्रवृत्ति पैदा हो गई है। हम अपने आपको तबाह करने पर तुले हैं।*

मौजू के ऐतबार से यह कॉलम सियासी और अदबी होता था। शमीम हनफी का कहना था, ''ये कॉलम उनके सामाजिक सरोकारों के दस्तावेज थे।'' लेकिन ये ऐसी अदबी तख्लीक थी, जो उनकी अदबी तनकीद के बेहद करीब थीं। शमीम हनफी के 98 मजामीन की एक किताब 'ये किस ख्वाब का तमाशा है' के नाम से शाया हुई है। वे शायरी पर हमेशा फिक्शन को तरजीह देते थे। प्रेमचंद, सआदत हसन मंटो, कृष्ण चंदर, राजिंदर सिंह बेदी, इस्मत चुगताई, गुलाम अब्बास और हयातुल्लाह अंसारी के अदब को उन्होंने खूब पढ़ा था। इनकी तहरीरें वे खोज-खोजकर पढ़ते थे। गुलाम अब्बास को वे कृष्ण चंदर से बड़ा राइटर मानते थे। बलराज मैनरा, सुरेंद्र प्रकाश, नैयर मसूद, अमीक हनफी, कुर्तुल-एन हैदर, फिराक गोरखपुरी, मजरूह सुल्तानपुरी, अली सरदार जाफरी, जफर आगा, इंतजार हुसैन, अहमद मुश्ताक, जाहिद डार वगैरह कई हिन्दुस्तानी और पाकिस्तानी अदीबों से उनके जाती तअल्लुकात थे। उर्दू अदबी हल्कों में शमीम हनफी की मौजूदगी लाजिमी होती थी। उर्दू अदब के अलावा वे हर मसले पर अपना खुलकर तबादिला-ए-ख़यालात करते थे। मुल्क के सियासी, समाजी और मआशी यानी हर शोबे पर उनकी गहरी नजर थी। किसी का भी डर उन्हें उनकी राय जाहिर करने से नहीं रोक पाता था। हिंदी-उर्दू की सांझा संस्कृति के वे झंडाबरदार थे। उनकी नजर में उर्दू जबान का मिजाज भी मुश्तरका तहजीब का रहा है। उर्दू अदब के साथ-साथ वे हिंदी अदब के भी उतने ही शैदाई थे। सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, रघुवीर सहाय, शमशेर बहादुर सिंह और राजेन्द्र यादव से उनकी दोस्ती रही। उर्दू शायरी के अलावा वे हिंदी में केदारनाथ सिंह, राजेश जोशी, अशोक वाजपेई और विजय कुमार की कविताओं के मुरीद थे। हिंदी-उर्दू में वे किसी तरह का फर्क नहीं करते थे। उनकी नजर में हिंदी-उर्दू का झगड़ा सिर्फ सियासी था। उनका मानना था कि अच्छी उर्दू लिखने के लिए हिंदी को जानना बेहद जरूरी है, तो वहीं अच्छी हिंदी लिखने के लिए उर्दू की जानकारी लाजिमी है। दोनों जबानों के लिखने-पढ़ने वालों को एक-दूसरे की जबान से अच्छी वाकफियत जरूरी है। मुल्क में उर्दू की मौजूदा दशा पर उनका कहना था, 'बंटवारे के बाद उर्दू को काफी नुकसान पहुंचा है। पहले स्कूलों से उर्दू गायब हो गई, खास तौर से हिंदी क्षेत्र से।' उनके मुताबिक सरहद के इस पार और उस पार जो लिखा जा रहा है, अगर दोनों को साथ रखें तब उर्दू अदब की पूरी तस्वीर बनती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लगातार सुलग रही विद्रोह की आग

# पाक संग नहीं रहना चाहते पीओकेवासी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। चूंकि यह क्षेत्र आधिकारिक रूप से भारत के जम्मू-कश्मीर प्रांत का हिस्सा है, इसलिए यहां कोई भी बदलाव कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन होगा। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है।*

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए है और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की भी गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार हैं। शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान सरकार की भ्रष्ट शासन-प्रणाली से वे तंग आ चुके हैं, अतएव पाक के साथ रहना नहीं चाहते हैं। हमें इससे आजादी चाहिए। घबराई शहबाज शरीफ सरकार ने हुए नुकसान को नियंत्रित करने की दृष्टि से 23 अरब का बजट प्रावधान पीओके के लिए किया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जो मांगें उन्होंने रखी हैं, वे सभी मान्य की जाएं, अन्यथा वे प्रदर्शन करते रहेंगे।

इसी समय भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि एक दिन हम पीओके पर अवैध कब्जे को समाप्त करेंगे और पीओके वापस भारत के साथ जुड़ जाएगा। पीओके के लोगों के साथ वाकई अन्याय हो रहा है। यहां के लोगों को उत्पादन लागत पर बिजली नहीं मिल रही है। जो बिजली पीओके में बनाई जाती है, उसे सरकार पीओके से दो रुपए प्रति यूनिट लेती है और फिर यहीं के लोगों को महंगी दरों पर बेचती है। पीओके में रहने वाले लोगों को सब्सिडी पर आटा देना रोक दिया है। जबकि आटा पेट की भूख मिटाने की बुनियादी जरूरत है। अतएव आटा समेत अन्य 30 वस्तुओं पर सब्सिडी मिलनी चाहिए। लोगों ने यह भी मांग की है कि पीओके की अफसरशाही और 53 मंत्रियों को मिलने वाली बिलासी सुविधाएं बंद की जाएं। इन्हें सरकार की ओर से महंगी व लग्जरी गाड़ियां और घर के साथ टीए-डीए मिल रहे हैं। इन्हें बंद किया जाए। यही नहीं इनके जो सहायक हैं, उन्हें भी ऐसे ही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो कतई उचित नहीं है। इन्हें बंद किया जाए। हालांकि पीओके में पाक से अलगाव का संकट इतना बढ़ गया है कि अब समझौते कि दूर-दूर तक कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।



शायद इस स्थिति का पूर्वाभास करने के बाद ही जयशंकर ने जल्द पीओजेके का भारत में विलय होने का दावा किया है। यही नहीं उन्होंने कहा है कि निश्चित तौर पर इसका विलय होगा। क्योंकि वहां के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी तरसने को मजबूर हो रहे हैं। इसके बावजूद भी राहत देने की बजाय पाकिस्तानी सेना अत्याचार पर आमादा है। लोग पाक सेना से आजादी और भारत में शामिल होने के लिए नारे लगा रहे हैं। गुलाम जम्मू-कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर यह पहली उच्च स्तरीय प्रतिक्रिया हैं। इस परिप्रेक्ष्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। अतएव अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार की पीओजेके के संदर्भ में कोई न कोई ऐसी रणनीति अवश्य चल रही है, जो पीओके के विलय की दिशा में बढ़ रही है।

दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद अब उसके लिए पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुछ माह पहले ही बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया था। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। ये इंजीनियर दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली हुई है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। पाकिस्तान में अकेले फरवरी माह में हुए 97 हमलों में 118 लोग मारे जा चुके हैं। 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं।

बावजूद 4 नबंवर 1947 से पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं, लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही, लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं।

लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग अस्तोर, दियामिर और हुनजा समेत उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो शिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। अहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाक के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। 1947 में उन्हें गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया था। तब से वे न केवल बेगाने हैं, बल्कि हिंदू, सिख व ईसाइयों की तरह मजहबी चरमपंथियों के निशाने पर भी रहते हैं। पीओके और बलूचिस्तान पाक के लिए बहिष्कृत क्षेत्र हैं।

पीओके की जमीन का इस्तेमाल वह, जहां भारत के खिलाफ शिविर लगाकर गरीब व लाचार मुस्लिम किशोरों को आतंकवादी बनाने का प्रशिक्षण देता है, वहीं बलूचिस्तान की भूमि से खनिज व तेल का दोहन कर अपनी आर्थिक स्थिति बहाल किए हुए है। यहां महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं है। गरीब महिलाओं को जबरन वेश्यावृत्ति के धंधों में धकेल दिया जाता है। 50 फीसदी नौजवानों के पास रोजगार नहीं है। 40 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। 88 प्रतिशत क्षेत्र में पहुंच मार्ग नहीं हैं। बावजूद पाकिस्तान पिछले 76 साल से यहां के लोगों का बेरहमी से खून चूसने में लगा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# फिल्में देखो, ताली बजाओ और फिर... सो जाओ!



दिनेश दिनकर
व्यंग्यकार

जवान (शाहरुख खान), मदारी (इरफान खान), ए वेडनेसडे (नसीरुद्दीन शाह, अनुपम खेर) और गब्बर इज बैक (अक्षय कुमार) जैसी बहुत सी फिल्में बनती हैं, इनमें दिखाए गए मुद्दों से जुड़ाव महसूस करते हुए दर्शक इन फिल्मों को पसंद करते हैं, ताली बजाते हैं और फिर घर जाकर दर्शक सो जाते हैं और इन मुद्दों को भूल जाते हैं। फिर दर्शक अगली फिल्म का इंतजार करते हैं और फिर यही सिलसिला जारी रहता है।

देश में कर्मचारी और अधिकारी अपने कार्यस्थल पर जाकर वही पुराने रवैए के अनुसार काम करते हुए लापरवाही बरतते हैं, रिश्वत लेने वाले बिना रिश्वत लिए काम नहीं करते हैं। शिक्षक, खेलों के कोच, सरकारी विभागों में कार्यरत अन्य कर्मचारी और अधिकारी संसाधनों के अभाव में होकर जनहित में काम करने का, देश का भविष्य सुरक्षित करने का दिखावा करते हैं। मामूली 'टाइपिंग मिस्टेक' के कारण बुजुर्गों को, जरूरी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिव्यांगों को इमारतों के नीचे से ऊपर की मंजिलों पर दौड़ाया जाता रहता है, मगर विभाग में कोई भी इनकी समस्या का समाधान नहीं कर पाता है। अगर भागदौड़ करते हुए ये पीड़ित अपने राज्य के मुख्यमंत्री के किसी कार्यक्रम में मीडिया के समक्ष पहुंच जाते हैं तो मुख्यमंत्री या अन्य मंत्री अफसरों को आदेश देकर पांच मिनट में समस्या का समाधान कर देते हैं अर्थात संबंधित राज्य की सरकार, कैबिनेट या फिर सीधे सीधे कहें तो मीडिया द्वारा मुख्यमंत्री को हीरो बना दिया जाता है।

अपनी समस्याओं, इन फिल्मों में दिखाए गए समाधान और अपनी पीड़ाओं को भूलकर हम अपने प्रतिनिधियों को वोट देकर आ रहे हैं, परिणामस्वरूप एडीआर की रिपोर्ट में 306 सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज होने की बात सामने आई है। इन आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों से शायद ही कोई राजनीतिक पार्टी अछूती रही हो। साल 2021-22 में 8 राजनीतिक दलों की कुल संपत्ति बढ़कर 8,829.16 करोड़ रुपए हो गई है। देशभर में विधायकों की संपत्ति का मूल्यांकन करने पर एडीआर की रिपोर्ट में कुल 4033 विधायकों में से 4001 विधायकों की कुल संपत्ति 54,545 करोड़ रुपए पाई गई है। विधायकों के हलफनामे की जांच करने पर एडीआर ने पाया है कि 1777 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं।

राज्यों की विधानसभाओं में अभी भी 6 विधायक अशिक्षित हैं और 53 विधायक 5वीं पास तो 163 विधायक 10वीं कक्षा पास करने में सफल रहे हैं। अगर अर्थव्यवस्था की बात करें तो रिलायंस रिटेल वैंचर्स लिमिटेड के ऊपर कुल कर्ज 70,943 करोड़ रुपए हो चुका है।

देश की समस्याओं के लिए हम नेताओं को दोषी ठहराकर खुद को साफ छवि का साबित करने में समय बर्बाद करते हैं तो नेता और नौकरशाह अधिक जनसंख्या की बात कह केवल कागजों पर नीतियों को घूमाने में व्यस्त रहते हैं। बैंकिंग क्षेत्र राजनीतिक दलों और व्यापारियों के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास करने को अपना दायित्व समझता है तो न्यायालयों में अपना पक्ष रखने में लापरवाही बरतने वालों को ही मौके मिलते हैं (तारीख पर तारीख)। दफ्तरों में कुर्सी पर बैठकर हम कितने लोगों की व्यावहारिक रूप से मदद करते हैं, शाम को घर जाते समय कितना काम पेंडिंग में छोड़कर जाते हैं, गप्पे मारने में कितना समय गंवाते हैं, सरकारी इमारतों में संसाधनों का कितना सदुपयोग करते हैं, सफाई व्यवस्था में कितना सहयोग करते हैं, एक बार सोने से पहले सोचना जरूर, ताकि देश का भविष्य सुरक्षित रहे। हां, देश की बहुत सी समस्याओं का समाधान हम खुद कर सकते हैं।

## नॉलेज कॉर्नर: बिजली बिल की टेंशन को इन उपायों से कर सकते हैं दूर

# भारी-भरकम बिल आए तो अपनाएं ये तरकीब

भा देशभर में गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी से बचने के लिए ज्यादातर शहरी और मिडिल क्लास फैमिली के लोग एयर कंडीशनर और कूलर जैसे अप्लायंस का इस्तेमाल करने लगे हैं। एसी के इस्तेमाल से वे गर्मी से तो खुद को बचा लेते हैं, लेकिन बिजली का बिल में उनकी टेंशन बढ़ा देता है। बिल बढ़ने से सीधा असर आपके बजट पर पड़ता है। हालांकि, कुछ ऐसी चीजें हैं जिनको फॉलो करके आप अपना बिजली का बिल काफी हद तक कम कर सकते हैं। आप किस तरह अपने इलेक्ट्रेसिटी बिल को कम कर सकते हैं। इसके लिए विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### अप्लायंसेस को स्टैंडबाय मोड में रखने से बचें

सबसे पहले तो आपको यह समझना होगा कि आपके घर में कौन से ऐसे अप्लायंस हैं, जो बिजली की खपत ज्यादा करते हैं। बिजली बचाने के लिए जरूरी है कि जब ऐसे अप्लायंस का इस्तेमाल न हो तो उन्हें बंद रखें। बिजली का बिल कम करने के लिए होम अप्लायंसेस को स्टैंडबाय पर रखने से बचें। स्टैंडबाय मोड में भी होम अप्लायंस बिजली कन्ज्यूम करते हैं। इन अप्लायंस में टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन और दूसरे स्टैंडबाय मोड वाले प्रोडक्ट्स शामिल हैं।




### 5-स्टार रेटेड प्रोडक्ट का करें इस्तेमाल

इसके अलावा आप बिजली बचाने के लिए 5 स्टार रेटेड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। हायर एनर्जी एफिशिएंट रेटिंग वाले प्रोडक्ट कम बिजली की खपत करते हैं। मार्केट में इस समय लगभग सभी होम अप्लायंस 5-स्टार रेटेड में उपलब्ध हैं।

### समझदारी से करें इस्तेमाल

*कुछ किचन अप्लायंसेस जैसे माइक्रोवेव, इलेक्ट्रिक केटल, एयर फ्रायर वगैरा काफी ज्यादा ऐनर्जी कन्ज्यूम करते हैं। इसलिए जितना संभव हो, उतना इस्तेमाल इनका इस्तेमाल करने से बचें। इनका इस्तेमाल तभी करें जब आपको इनकी बहुत ज्यादा जरूरत हो।*

कंटेंट: गोपाल शर्मा

X



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah
इटली से आए हुए लोग मैथिली का सम्मान नहीं कर सकते।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
CAA ये सिर्फ कानून नहीं मोदी जी की गारंटी है - विस्थापितों को मिला सम्बल...

### चुनावी नतीजों के पहले ही विपक्षी खेमे में जुबानी जंग: कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना, कहा...

# ममता पर भरोसा नहीं, अधिक सीटें मिली तो जा सकती हैं भाजपा की ओर

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही विपक्षी खेमे में भावी सरकार के समर्थन को लेकर जुबानी जंग शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनाने के लिए उसको बाहर से समर्थन देने की घोषणा के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ममता बनर्जी पर मुझे भरोसा नहीं है। वह गठबंधन छोड़कर भागी थीं। लोकसभा चुनाव में अधिक सीटें आने पर तृणमूल कांग्रेस पाला बदल लेगी और भाजपा का समर्थन कर सकती है। अधीर ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में पहले ही गठबंधन तोड़ दिया है। वह पहले से ही दूसरे गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने की कतार में खड़ी हैं।

अधीर ने कहा, इंडिया गठबंधन आगे बढ़ रहा है और यह सरकार बनाने की कगार पर है और यही कारण है कि एक अवसरवादी राजनीतिक नेता के रूप में उन्होंने अग्रिम समर्थन देने के बारे में सोचा, ताकि इंडिया ब्लॉक को उनके समर्थन से उन्हें चुनाव लड़ने पश्चिम बंगाल में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, वह अब जमीनी हकीकत को समझ रही है कि मतदाता इंडिया गठबंधन की ओर बढ़ रहे हैं। किस बात ने उन्हें इंडिया गठबंधन छोड़ने के लिए(पश्चिम बंगाल में) प्रेरित किया? यह आज तक उन्होंने स्पष्ट नहीं किया?



### सीटों के बंटवारे को लेकर शुरू हुई रार

विपक्षी गठबंधन इंडिया के मुख्य चेहरों में से एक होने के बावजूद, ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले घोषणा कर दी थी कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और सीपीएम के लिए कोई सीट नहीं छोड़ेगी और टीएमसी अकेले चुनाव लड़ेगी। इसकी वजह सीटों के बंटवारे को लेकर तृणमूल और कांग्रेस के बीच मतभेद था। इसी को लेकर पश्चिम बंगाल में अधीर रंजन चौधरी और ममता बनर्जी में जुबानी जंग शुरू हो गई थी। तृणमूल पश्चिम बंगाल में कांग्रेस जितनी सीटें चाह रही थी, उतनी छोड़ने को तैयार नहीं थी।

## बंगाल में कांग्रेस-माकपा पर भरोसा नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर हम गठबंधन का हैं हिस्सा : ममता



इस बीच, गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली में उन्होंने रैली में कहा, बंगाल में माकपा और कांग्रेस पर भरोसा नहीं करें। वे हमारे साथ नहीं हैं, वे यहां भाजपा के साथ हैं। लोकसभा चुनाव में 400 सीटें हासिल करने के भाजपा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोग उन्हें खारिज कर देंगे। बनर्जी ने कहा, कुछ लोगों ने बुधवार के मेरे बयान को गलत समझा है। अखिल भारतीय स्तर पर, मैं पूरी तरह से इंडिया गठबंधन का हिस्सा हूं। इंडिया गठबंधन का मैंने सुझाव दिया था।

---

### सपा को झटका, राष्ट्रीय सचिव चौहान का इस्तीफा



**मऊ।** सपा के संस्थापक सदस्य और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामहरि चौहान ने बुधवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। लोक सभा चुनाव के दौरान रामहरि के इस्तीफे को सपा के बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। रामहरि ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि लोक सभा चुनाव में सपा ने चौहान समाज के किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया है। जबकि हमने हमेशा सपा का साथ दिया था। उन्होंने कहा कि पार्टी की गलत नीतियों और गलत निर्णय से वह क्षुब्ध हैं। रामहरि ने लिखा कि पार्टी की नीति निर्धारित करने वालों को जनता से कोई सरोकार नहीं है। एक तरफ सपा द्वारा पीडीए का नारा दिया जाता है, लेकिन जहां पर चौहान समाज की ताकत है, वहीं पर उसकी उपेक्षा हो रही है।

### दो प्रत्याशियों का नामांकन रद्द करने की भाजपा की मांग

**कोलकाता।** लोकसभा चुनावों के पांचवें चरण के चुनाव प्रचार की वोटिंग से पहले भाजपा ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को नई टेंशन दे दी है। भाजपा ने टीएमसी के दो प्रत्याशियों के फार्म में गड़बड़ी का उल्लेख करते हुए इन्हे रद्द करने की मांग चुनाव आयोग से की है। भाजपा के राज्य महासचिव जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने कोलकाता-दक्षिण से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार माला रॉय (मौजूदा सांसद) के लाभ के पद पर होने को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। चट्टोपाध्याय ने अपनी शिकायत में कहा है कि माला रॉय कोलकाता नगर निगम की अध्यक्ष भी हैं। इस पद को लाभ का पद माना जाता है। उन्होंने इस बार पद से इस्तीफा दिए बिना ही अपना नामांकन दाखिल किया है।

### पूर्वी यूपी : पीएम मोदी ने चुनाव सभाओं में कांग्रेस-सपा पर साधा निशाना

# बंट जाएगा विपक्षी गठबंधन विदेश चले जाएंगे 'शहजादे'

■ अमेठी से गए रायबरेली से भी जाएंगे खटा-खट, खटा-खट ■ कोई माई का लाल सीएए को खत्म नहीं कर सकता

**एजेंसी** | लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय काशी यात्रा के बाद उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में गुरुवार से धुंआधार प्रचार अभियान शुरू किया। उन्होंने आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और प्रतापगढ़ में जनसभाओं को सम्बोधित किया। इन सीटों पर लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकांश सीटों पर भाजपा का मुकाबला समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से है। जनसभाओं में पीएम मोदी ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन बंटने वाला है और इसके बंटने पर शहजादे विदेश भाग जाएंगे। उनका इशारा राहुल गांधी की तरफ था। राहुल गांधी के खटा-खट, खटा-खट वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि रायबरेली से भी खटा- खट, खटा -खट चले जाएंगे। अमेठी से गए अब रायबरेली से भी जाएंगे।

मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन वाले कहते हैं कि मोदी सीएए लेकर आया है और जिस दिन मोदी जाएगा, यह सीएए भी जाएगा। मोदी ने चुनौती देते हुए कहा कि कोई माई का लाल सीएए को खत्म नहीं कर सकता। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है। यह कार्य कर्नाटक से शुरू भी कर दिया है। यह लोग पिछड़ों का आरक्षण लेकर मुसलमानों को देना चाहते हैं।

पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ में भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून के बाद इंडी गठबंधन टूट करके बिखर जाएगा खटाखट खटाखट। पराजय के बाद बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ या दिल्ली वाले हों यह शहजादे गर्मी की छुट्टी पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट खटाखट। किसी ने बताया है कि टिकट बुक कराने के लिए भी बोल दिया है। इंडी गठबंधन वाले सरकार हटाना चाहते हैं। इनका फॉर्मूला है, पांच साल में पांच पीएम बनाएंगे यानी हर साल एक पीएम। भानुमति का कुनबा बनाकर लूटना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन वाले 2014 तक देश को बर्बाद कर गए थे। हमें सत्ता मिली तो हमें गड्ढे भरने में ही काफी समय लगा। आजादी के समय अर्थव्यवस्था छठवें नंबर पर थी। यह 11 वें नंबर पर छोड़ गए। मोदी इसे पांचवें स्थान पर लाया।





### यूपी में बंगाल की राजनीति का ट्रायल

भदोही में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सपा और कांग्रेस के साथ तृणमूल कांग्रेस पर भी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यूपी में वजूद पहले से ही नहीं था। अब सपा वाले भी भदोही में मैदान छोड़कर भाग गए हैं। टीएमसी के प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि ये (इंडिया गठबंधन के लोग) उत्तर प्रदेश में बंगाल की टीएमसी की राजनीति का ट्रायल करना चाहते हैं। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि टीएमसी की राजनीति का मतलब- हिंदुओं की हत्या, दलितों-आदिवासियों का उत्पीड़न, महिलाओं पर अत्याचार। मोदी ने कहा, सपा भी मान चुकी है कि इस चुनाव में उसके लिए कुछ भी बचा नहीं है। सूपड़ा साफ हो गया है इसलिए भदोही में ये सपा वाले मैदान छोड़कर ही भाग गए हैं।

### सपा-कांग्रेस पर निशाना

मोदी ने गुरुवार को आजमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ और लालगंज से पार्टी प्रत्याशी नीलम सोनकर समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा-कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि जनता जान गई है कि आप लोगों ने वोट बैंक की राजनीति करके, हिंदू-मुसलमान को लड़ाकर धर्मनिरपेक्षता का ऐसा चोला पहन लिया था कि आपकी असलियत बाहर नहीं आ रही थी। लेकिन मोदी ने आपकी सच्चाई उजागर कर दी है। आपने देश को सात दशक तक साम्प्रदायिकता की आग में जूझने के लिए मजबूर कर दिया था। उन्होंने दोहराया कि सपा और कांग्रेस देश के बजट को विभाजित कर, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहते हैं।

### सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए नहीं चला सकते देश

पीएम मोदी ने कहा कि महलों में पलने वाले शहजादों को लगता है विकास अपने आप हो जाएगा। कोई पूछे कैसे, तो कहेंगे खटाखट। कोई इनको बता दो कि रायबरेली की जनता भी इनको खटाखट भेजेगी। उन्होंने कहा कि देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों के वश में नहीं। चार जून के बाद इंडी गठबंधन बंट जाएगा खटाखट... शहजादे विदेश निकल जाएंगे खटाखट... हम और आप ही रह जाएंगे।

### इंडिया गठबंधन निशाने पर

करीब 27 मिनट के भाषण में पीएम मोदी के निशाने पर सिर्फ सपा और कांग्रेस ही रही। उन्होंने एक बार भी मायावती या बसपा का नाम नहीं लिया। पूरे भाषण में वह राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर ही हमलावर रहे।

### पूर्वांचल की तस्वीर बदलने वाले हैं मोदी-योगी

पीएम ने जौनपुर में कहा है कि अगले पांच सालों में मोदी-योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। पीएम मोदी का यह बयान बिना नाम लिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को संकेतों में जवाब माना जा रहा है। केजरीवाल जेल से निकलने के बाद लगातार कह रहे हैं कि मोदी अगर जीत गए तो दो-तीन महीने में योगी आदित्यानाथ को यूपी सीएम पद से हटा देंगे और खुद के 75 साल पूरा होने पर 2025 में अमित शाह को पीएम बना देंगे। पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत बनाना, ये मेरा प्रण है। विकसित भारत का ग्रोथ इंजन पूर्वांचल होगा।

### केजरीवाल का बयान: ईडी को लगा झटका

# सुप्रीम कोर्ट ने किया शिकायत पर सुनवाई से इनकार



**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के एक बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची ईडी को झटका लगा है। दरअसल, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने केजरीवाल के एक बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत दर्ज की थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। केजरीवाल ने कहा था कि अगर लोग आम आदमी पार्टी को वोट देंगे, तो वह 2 जून को वापस जेल नहीं जाएंगे।

न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत से संबंधित बयानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केजरीवाल के वकील के दावों और जवाबों पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने कहा, 'हमने किसी के लिए कोई अपवाद नहीं बनाया है, हमने अपने आदेश में वही कहा जो हमें उचित लगा। पीठ ने कहा कि फैसले का आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत है। ईडी की ओर से पेश होते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में केजरीवाल के भाषणों पर आपत्ति जताई कि अगर लोगों ने आप को वोट दिया, तो उन्हें 2 जून को वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा, यह उनकी धारणा है, हम कुछ नहीं कह सकते। ज्ञात रहे कि शीर्ष अदालत ने को कथित दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को 10 मई अंतरिम जमानत दे दी थी। कोर्ट ने उन्हें 2 जून को सरेंडर करने को कहा है।

### नेताओं की बैठक में दिया था ये बयान

केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपनी पार्टी नेताओं के साथ बैठक में कहा था कि उन्हें 2 जून को वापस जेल जाना होगा। सीएम ने आगे कहा कि अगर उनके पार्टी के नेता महनत करके 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार बनवा देते हैं तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा।

## रोहिणी आचार्य के खिलाफ हाई कोर्ट में अर्जी दायर

**एजेंसी** | पटना

सारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्या का नामांकन पत्र रद्द करने के लिए पटना हाईकोर्ट में अर्जी दायर की गई है।

सारण जिला के तारा अमनोर निवासी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने अर्जी दायर कर सारण के निर्वाचन अधिकारी के 4 मई के आदेश को निरस्त करने की मांग की। इसमें उनकी आपत्ति को निर्वाचन अधिकारी ने रद्द कर दिया है।

अर्जी में कहा गया है कि रोहिणी आचार्या के पासपोर्ट की अच्छी तरह से जांच नहीं की गई कि वह पिछले सात वर्षों से अधिक समय से सिंगापुर में रहते हुए वहां कि नागरिक हैं या नहीं। उनकी भारतीय नागरिकता पर भी सवाल उठाया गया है।

---

### उत्तर प्रदेश: अखिलेश के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले सीएम केजरीवाल

# शाह को पीएम बनाने के लिए वोट मांग रहे मोदी, जीते तो योगी को हटा देंगे

■ भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी

**एजेंसी** | लखनऊ

दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के सयोंजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बार चुनाव में अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए ही वोट मांग रहे हैं। मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे 75 वर्ष के हो जाएंगे अमित शाह को पीएम बना देंगे। चुनाव जीतने के बाद दो से तीन महीने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि भाजपा यदि लोकसभा चुनाव के बाद फिर से केंद्र की सत्ता में आई तो वह संविधान बदल देगी और आरक्षण हटा देगी। केजरीवाल ने गुरुवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अमित शाह को पीएम बनाने के लिए मोदी पिछले डेढ़ से दो साल से लगे हैं। मोदी ने पहले ही शिवराज सिंह चौहान, रमन सिंह, वसुंधरा राजे, देवेंद्र फडणवीस व मनोहर लाल खट्टर को हटा दिया है, अब योगी ही उनकी राह में आखिरी कांटा बचे हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि योगी को हटाए जाने कि बात हमने पहले भी कही थी। लेकिन इस मामले में भाजपा के किसी भी नेता ने पिछले चार दिनों में कोई भी जवाब नहीं दिया। इससे साफ है कि चुनाव बाद भाजपा योगी को मुख्यमंत्री पद से हटा देगी। उन्हें मोदी हटाएंगे क्योंकि अपने बनाए नियम को वो नहीं तोड़ते। वरना लोग उन पर सवाल उठाएंगे। ये नियम उन्होंने आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को हटाने के लिए बनाए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा 220 सीटों से ज्यादा नहीं बढ़ेगी। राजस्थान, हरियाणा, झारखंड, दिल्ली, पंजाब और बंगाल में भाजपा की सीटें कम हो रही हैं।



### संविधान बदलने की तैयारी में भाजपा

केजरीवाल ने कहा कि आरएसएस और भाजपा शुरू से ही आरक्षण के ख़िलाफ रहे हैं। इन लोगों (भाजपा) की पूरी तैयारी है कि अगर ये जीत गए तो संविधान को बदल कर एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा।

**भाजपा 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत पाएगी :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों में अब तक भाजपा चित्त हो चुकी है। जनता में आंसुओं का उफान है। 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है , लेकिन ये 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे।

### स्वाति मालीवाल पर साधी चुप्पी, संजय सिंह ने दिया जवाब

मीडिया से बातचीत के दौरान स्वाति मालीवाल के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने चुप्पी साध ली। इस पर आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश के संयोजक संजय सिंह ने कहा कि मणिपुर में करगिल सेनानी कि पत्नी को निर्वस्त्र किया गया। पीएम चुप रहे। पहलवान बेटियों जब धरने पर थी तो स्वाति भी धरने पर थी। उस वक्त पुलिस ने स्वाति मालीवाल को मारा पीटा और घसीट कर ले गई । उन्होंने कहा कि पीएम ने प्रज्जवल रेवन्ना के लिए वोट मांगे। भाजपा इस पर राजनीति न करे।

### योगी का पलटवार, केजरीवाल जेल क्या गए भ्रम में पड़ गए

दूसरी ओर केजरीवाल के दावे के कुछ देर बाद ही सीएम योगी ने फतेहपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित रैली में तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल क्या गए उनकी बुद्धि भ्रम में पड़ गई है। उनको मुख्यमंत्री पद का इतना लालच हो गया है कि अपनी बात को मुझसे जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। यह जेल जाने का रिएक्शन है। उन्होंने कहा, मैं योगी हूं। देश और सनातन धर्म के लिए एक बार नहीं सौ बार सत्ता को ठुकरा सकता हूं।

## जरूरी खबर

### होर्डिंग हादसा: बिलबोर्ड मालिक भावेश गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने घाटकोपर में विशाल होर्डिंग लगाने वाली कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे को गुरुवार को उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया। भिंडे विज्ञापन एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। यही कंपनी होडिंग लगाने की जिम्मेदारी मानी जा रही है एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। होर्डिंग के गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में खोज एवं बचाव अभियान को गुरुवार को समाप्त कर दिया। बचावकर्मियों ने बुधवार रात होर्डिंग के नीचे मलबे में दबी एक कार से 'वायु यातायात नियंत्रक' (एटीसी) के एक सेवानिवृत्त महाप्रबंधक और उनकी पत्नी के शव निकाले, जिससे इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई जबकि 75 लोग घायल हुए हैं।

### समुद्र में डीजल का अवैध कारोबार, 5 लोग पकड़े



**मुंबई।** समुद्र में अवैध डीजल की तस्करी बढ़ती जा रही है। इंडियन कोस्ट गार्ड ने अवैध डीजल गैंग के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए तीन दिन में करीब 55 हजार लीटर अवैध डीजल पकड़ा है। 16 मई को कोस्टगार्ड ने 'जय मल्हार' नाम के फिशिंग वोट से कुल 25 हजार लीटर अवैध डीजल बरामद किया। इसके साथ ही कुछ ड्रग्स भी बरामद हुई हैं। कोस्ट गार्ड के मुताबिक 5 लोगों को भी हिरासत में लिया गया है, जिन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मुंबई लाया जा रहा है। पकड़े गए लोगों ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि 5000 लीटर डीजल ये लोग समुद्र में मछली पकड़ने वाली नावों को बेच चुके हैं।

### सरकार ने घटाई 41 दवाओं की कीमतें

**नई दिल्ली।** सरकार ने मधुमेह, दिल और लिवर से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं और छह फार्मूलेशन की कीमतें कम कर दी हैं।

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की 143वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवश्यक दवाओं की कीमतें जनता के लिए सस्ती रहे। फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं के कम कीमत की जानकारी डीलरों और स्टॉकिस्टों को दें।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान



**दार्जीलिंग।** पश्चिम बंगाल में बेंगडुबी आर्मी कैंप में पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को 'समाधान अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया।

### अंगुली के बजाय कर दी जीभ की सर्जरी



**कोझिकोड।** केरल के सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने गुरुवार को चार साल की बच्ची की गलत सर्जरी कर दी। कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मातृ एवं शिशु देखभाल केंद्र में बच्ची के हाथ की छठी अंगुली को हटाने के लिए सर्जरी की जानी थी। बच्ची को जीभ में कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी जीभ का ऑपरेशन कर दिया। बच्ची के परिवार ने आरोप लगाया कि यह गलती तब सामने आई जब उन्होंने सर्जरी के बाद बच्चे के मुंह में रुई भरी हुई देखी। देखा कि सर्जरी उसकी जीभ पर की गई थी। स्वास्थ्य मंत्री वीणा ने चिकित्सा शिक्षा निदेशक को घटना की तत्काल जांच करने और रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। बच्ची अस्पताल में भर्ती है। परिवार ने इस गंभीर त्रुटि के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**मारपीट का मामला: पुलिस ने स्वाति मालीवाल से चार घंटे की पूछताछ**

# बयान दर्ज, केजरीवाल के PS विभव के खिलाफ एफआईआर

एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गुरुवार को एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने एफआईआर में केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार को आरोपी बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज की गई। मालीवाल की ओर से कई पन्नों की शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला दर्ज किया गया है।



इससे पहले दिल्ली पुलिस की दो सदस्यीय टीम ने इस मामले में मालीवाल के आवास पर उनका बयान दर्ज किया। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई घटना के बारे में पुलिस को बताया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एसीपी) पी एस कुशवाह के नेतृत्व में पुलिस टीम चार घंटे से अधिक समय तक मालीवाल के आवास पर रही। सूत्रों के मुताबिक ये अधिकारी स्वाति से बात करके उनसे जानने पहुंचे थे कि आखिर क्यों वह शिकायत नहीं दे रही हैं? उन पर शिकायत नहीं देने के लिए कोई दबाव तो नहीं बना रहा है?

### मालीवाल पर सियासत शुरू केजरीवाल चुप, प्रियंका मुखर



स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की घटना को लेकर दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने मीडिया द्वारा बार-बार पूछने के बावजूद इस मुद्दे से जुड़े सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। वहीं अखिलेश यादव ने भी इस सवाल को टालते हुए कहा कि इससे भी ज्यादा जरूरी और मसले हैं। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि इसमें दो बाते हैं। पहला, अगर महिलाओं के साथ कुछ गलत होता है तो हम उनके साथ खड़े हैं। मैं हमेशा महिलाओं के साथ ही खड़ी रहती हूं चाहें वे किसी भी पार्टी की हों। दूसरा आप आपस में चर्चा करेगी... वो आपस में निर्णय लेंगे।

**ये बातें पूछी पुलिस ने**

वह कब तक शिकायत देंगी? उन्हें कहीं से धमकी तो नहीं मिल रही है? वह पुलिस सुरक्षा तो नहीं चाह रही हैं? इन सभी बिंदुओं पर पुलिस ने स्वाति से बात की।

**सुप्रीम कोर्ट का अहम निर्णय**

# कानून का पालन किए बिना भूमि अधिग्रहण असंवैधानिक

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण को लेकर एक अहम निर्णय दिया है। शीर्ष अदालत ने कोलकाता नगर निगम की याचिका खारिज करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को संपत्ति के अधिकार से वंचित करने से पहले उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तो निजी संपत्तियों का अनिवार्य अधिग्रहण असंवैधानिक होगा। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अगर राज्य और उसके उपकरणों द्वारा उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाता तो निजी संपत्तियों के अधिग्रहण के बदले मुआवजे के भुगतान की वैधानिक योजना भी उचित नहीं होगी। इसके साथ ही अदालत ने कोलकाता नगर निगम की याचिका खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने निगम पर पांच लाख का जुर्माना भी किया है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा



और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 300ए के तहत भूमि मालिक को प्रक्रियात्मक अधिकार प्रदान किए जाते हैं। कोर्ट ने कहा कि व्यक्ति को यह सूचित करना राज्य का कर्तव्य है कि वह उसकी संपत्ति अर्जित करना चाहता है। अधिग्रहण पर आपत्तियों को सुनना राज्य का कर्तव्य है। पीठ ने आगे कहा कि अधिग्रहण के अपने निर्णय के बारे में व्यक्ति को सूचित करना राज्य का कर्तव्य है। साथ ही राज्य का कर्तव्य है कि वह यह बताए कि अधिग्रहण सार्वजनिक उद्देश्य के लिए है।

**एलएसी और पर्वतीय इलाकों में होगी तैनाती**

# जल्द मिलेगी इग्ला-एस सिस्टम की दूसरी खेप

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय सेना को जल्दa ही रूस से इग्ला-एस (Igla-S) मैनपैड्स की दूसरी खेप आपूर्ति होने वाली है। इस कम दूरी के एयर डिफेंस सिस्टम (वीएसएचओआरएडी) के नए सेट की आपूर्ति मई के आखिर या जून की शुरुआत तक हो सकती है। इग्ला-एस सिस्टम को देश की उत्तरी सीमा एलएसी और उच्च पर्वतीय इलाकों में तैनात किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि भारत और रूस के बीच भुगतान को लेकर कुछ दिक्कतें सामने आ रही थीं, लेकिन अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है। इससे



पहले अप्रैल की शुरुआत में पहले बैच में 24 इग्ला-एस की आपूर्ति की गई थी, जिनमें 100 मिसाइलें भी शामिल थीं। इग्ला-एस सिस्टम की बात करें, तो 2023 में आपातकालीन खरीद के तहत इनका ऑर्डर दिया गया था। वहीं रूस की कंपनी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत भारत में अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इनकी असेंबली करेगी।

### इग्ला-एस की खूबियां

इग्ला-एस हाथ से चलने वाला डिफेंस सिस्टम है, जिसे कोई भी कंधे से ऑपरेट किया जाता है। इसे नीची उड़ान वाले विमानों, हेप्टर और यूएवी को मार गिराने के लिए डिजाइन किया गया है और यह क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों की पहचान कर उन्हें निशाना बना सकता है। यह मिसाइल सिस्टम 500 मीटर से छह किमी तक मार कर सकता है। वहीं यह पांच सेकंड में एक्टिवेट हो जाता है और 10 से 3500 मीटर की एल्टीट्यूड की ऊंचाई वाले इलाकों में काम कर सकता है। इग्ला-एस सिस्टम को देश की उत्तरी सीमा एलएसी में तैनात किया जाएगा। पहाड़ी इलाकों में इग्ला-एस मैनपैड्स बेहद कारगर है।

**विदेश मंत्री का पंडित नेहरू व कांग्रेस पर कटाक्ष**

# किसी की गलती से POK हमसे दूर

एजेंसी | नासिक

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी की कमजोरी या गलती के कारण भारत ने पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) पर अपनी पकड़ खो दी है। जयशंकर ने महाराष्ट्र के नासिक में गुरुवार को आयोजित 'विश्वबंधु भारत' नामक एक कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

क्षेत्र में बदलते राजनीतिक परिदृश्य की ओर संकेत करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत



को पीओके में अपनी स्थिति को मजबूती से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा,हमें खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है। दस साल पहले, आपमें से कोई भी इस तरह बात नहीं कर सकता था, लेकिन आज ये बातें हो रही हैं। यह एक बदलाव है...भारतीय जनता को भी अब इस पर भरोसा है। पीओके को फिर से हासिल करने के संसदीय प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए जयशंकर ने ने कहा, मैं चीन का राजदूत था। हम सभी चीन की पिछली हरकतों और पाकिस्तान के साथ मिलकर उसके काम करने के बारे में जानते हैं। ये उसका पुराना इतिहास है। हमने उनसे बार-बार कहा है कि इस जमीन पर न तो पाकिस्तान और न ही चीन अपना दावा कर सकता है। उस जमीन पर अगर कोई संप्रभु दावेदार है, तो वह भारत है। आपने कब्जा कर रखा है, आप वहां निर्माण कर रहे हैं, लेकिन उस भूभाग पर कानूनी स्वामित्व और अधिकार हमारा है।

**अध्ययन में हुआ खुलासा: कोवैक्सीन के भी साइड इफेक्ट**

# सांस नली में संक्रमण, ब्लड क्लॉटिंग-एलर्जी जैसे मामले

एजेंसी | वाराणसी

एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड की कोविड-19 वैक्सीन कोविशील्ड के संभावित दुष्प्रभावों की रिपोर्ट के बाद भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के दुष्प्रभाव के मामले भी सामने आए हैं। एक अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि कोवैक्सीन लेने वाले 30 फीसदी लोगों को कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी बिजनेस दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार इस वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर एक 'ऑब्जर्वेशनल स्टडी' की गई। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में कोवैक्सिन टीके के




दीर्घकालिक प्रभावों की जांच में यह खुलासा हुआ है कि लगभग एक-तिहाई लोगों पर 'एडवर्स इवेंट्स ऑफ स्पेशल इंट्रेस्ट' यानी एईएसआई प्रभाव देखने को मिला है। अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि अध्ययन के लिए चुने गए 926 प्रतिभागियों में से लगभग एक-तिहाई लोगों में ऊपरी सांस की नली में वायरल संक्रमण सबसे आम शिकायत है। इसके अलावा लोगों में ब्लड क्लॉटिंग और एलर्जी के भी प्रभाव देखने को मिले हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक फीसदी व्यक्तियों में स्ट्रोक और गुइलेन-बैरी सिंड्रोम जैसे गंभीर एईएसआई की सूचना भी मिली है। ये स्टडी जनवरी 2022 से अगस्त 2023 के बीच की गई थी। इसके तहत ऐसे 635 किशोरों और 291 वयस्क लोगों को शामिल किया गया था, जिन्होंने भारत बायोटेक की कोवैक्सीन वैक्सीन ली थी। रिपोर्ट के मुताबिक टीका लगवाने वाले अधिकतर लोगों में एक साल तक साइड इफेक्ट देखा गया। इन सभी से टीका लगवाने के एक साल बाद तक फॉलोअफ चेकअप के लिए संपर्क किया गया। स्टडी में 304 किशोरों यानी करीब 48 प्रतिशत में 'वायरल अपर रेस्पेरेट्री ट्रैक इंफेक्शन्स' देखा गया। ऐसी स्थिति 124 यानी 42.6 युवाओं में भी दिखी।


### स्किन व नर्व से संबंधित गड़बड़ियां मिली

अध्ययन के दौरान किशोरों में स्किन और नर्व से संबंधित कई गड़बड़ियां और बीमारियां पाई गईं, जबकि वयस्कों में मस्कुलोस्केलेटल डिजॉर्डर के साथ-साथ तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) से जुड़े और कई सामान्य गड़बड़ियां पाईं गईं। इसके अलावा 10.5 फीसदी किशोरों में 'न्यू-ऑनसेट स्कीन एंड सबकुटैनियस डिसऑर्डर', 10.2 जनरल डिसऑर्डर यानी आम परेशानी, 4.7 फीसदी में नर्वस सिस्टम डिसऑर्डर यानी नसों से जुड़ी परेशानी पाई गई। इसी तरह 8.9 फीसदी युवा लोगों में आम परेशानी, 5.8 फीसदी में मुस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर यानी मांसपेशियों, नसों, जोड़ों से जुड़ी परेशानी और 5.5 में नर्वस सिस्टम से जुड़ी परेशानी देखी गई। रिपोर्ट के मुताबिक कोवैक्सीन का साइड इफेक्ट युवा महिलाओं में भी देखा गया। 4.6 फीसदी महिलाओं में पीरियड से जुड़ी परेशानी सामने आई। 2.7 फीसदी में ओकुलर यानी आंख से जुड़ी दिक्कत दिखी। 0.6 फीसदी में हाइपोथारोइडिज्म पाया गया।

# SC बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सिब्बल

एजेंसी | नासिक

वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव जीत लिया है। सिब्बल को कुल 1066 वोट मिले, जबकि उनके बाद दूसरे नंबर पर वरिष्ठ वकील प्रदीप राय रहे, जिन्हें 689 वोट मिले। इससे पहले भी साल 2001-02 के बीच कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं, 1995-1996 और 1997-1998 तक भी वे एससीबीए के प्रेसिडेंट रहे। निवर्तमान अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ आदिश अग्रवाल को 296 वोट मिले हैं और वे तीसरे स्थान पर रहे। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन



के अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ने वालों में प्रिया हिंगोरानी, त्रिपुरारी रे, नीरज श्रीवास्तव भी थे। यह चौथी बार होगा जब कपिल सिब्बल एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन का अध्यक्ष चुने जाने को उदारवादी और लोकतांत्रिक करार देते हुए कहा कि यह देश में बहुत जल्द होने जा रहे बड़े परिवर्तन का ट्रेलर है।

## जूनियर समर प्रोग्राम: कलात्मक आकाश में उड़ने को तैयार नन्हे कलाकार

# सूरज की तरह चमकने का दिया संदेश

*बेधड़क.जयपुर। 'तुम उड़ों होकर उन्मुक्त तुम्हारा है गगन, तुम रहो अपनी मस्ती में होकर मगन, पर उससे पहले सीखों पंखों को ठीक से खोलना, अपनी धुन पर नाचना, गाना, अभिनय करना, लिखना और बोलना।' इन्हीं भावों के साथ नन्हें कलाकारों के मन के कैनवास को रचनात्मक रंगों से सजाने के लिए जवाहर कला केन्द्र में जूनियर समर प्रोग्राम (कैम्प) की शुरुआत हुई। कला व संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव और जवाहर कला केन्द्र महानिदेशक गायत्री राठौड़ ने उद्घाटन किया। उन्होंने कैनवास पर पेंटिंग बनाकर बच्चों को सूरज की तरह चमकते रहने का संदेश दिया। इस दौरान केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।*







### मोबाइल और लैपटॉप से मुक्ति

गायत्री राठौड़ ने कहा कि कैम्प को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह कला और केन्द्र के प्रति उनकी रुचि को दर्शाता है। मोबाइल और लैपटॉप की स्क्रीन दूर रहकर बच्चे पैशन को फॉलो करेंगे और प्रैक्टिकल नॉलेज लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे। इस बार पिछली बार से भिन्न विधाओं जैसे पियानो, वॉयलिन, कंटेम्परारी डांस, मोबाइल फिल्म मेकिंग, मोजेक आर्ट, क्रिएटिव राइटिंग को भी जोड़ा गया है। प्रियंका जोधावत ने कहा कि केन्द्र रंगमंच, साहित्य, संगीत और दृश्य कला में प्रशिक्षण और प्रदर्शन के अवसर कलाकारों को प्रदान करता है। कैम्प में भविष्य के कलाकार तैयार किए जा रहे हैं। इसके बाद कला के चारों आयामों से बच्चे एक्सपर्ट्स से रूबरू हो सके इसके लिए साप्ताहिक कार्यशालाओं की योजना पर काम किया जाएगा।

### मध्यवर्ती में हुई बच्चों की सभा

जेकेके में जुटे बच्चों की मध्यवर्ती में सभा हुई। यहां हर विधा के प्रशिक्षकों से बच्चों का परिचय कराया गया। किसी ने बच्चों को रोचक किस्से सुनाकर गुदगुदाया तो किसी ने वायलिन पर धुन छेड़ी और किसी ने कविता से समा बांधा। यहां थिएटर, गायन, गिटार, तबला, पियानो, वॉयलिन, लोक नृत्य, कथक, मोबाइल फिल्म मेकिंग, फोटोग्राफी, मोजेक आर्ट, आर्ट ऑफ एक्सप्रेशन, कंटेम्परारी डांस, कैलीग्राफी (देवनागरी-अंग्रेजी) और क्रिएटिव राइटिंग, कठपुतली मेकिंग व संचालन समेत 16 विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 8 से 17 वर्ष के 500 से अधिक बच्चे कैम्प में हिस्सा ले रहे हैं।



### ये एक्सपर्ट देंगे प्रशिक्षण

आर्ट ऑफ एक्सप्रेशन और क्रिएटिव राइटिंग में नवीन चौधरी, मनीषा कुलश्रेष्ठ, थिएटर में राजू कुमार, विशाल भट्ट, गौरव कुमार, पूजा शाह, चिन्मय मदान, अनुरंजन शर्मा, सोमेश सोढ़ा, उमेश पंथ, वर्तिका धाभाई, विजय प्रजापत, उज्ज्वल प्रकाश मिश्रा आदि प्रशिक्षक रहेंगे। वहीं, अरविंद सिंह चारण, कल्पना मौर्य, कमलेश कुमार बैरवा, संतोष खंडेलवाल, प्रवीण कुमावत, रेया माथुर, स्मृति चोपड़ा, रेणु सनाढ्य, वैदेही सक्सेना थिएटर में सहायक प्रशिक्षक की भूमिका में रहेंगे। गायन में डॉ. गरिमा कुमावत मुख्य प्रशिक्षक, तबले पर दिनेश खींची तो हारमोनियम पर राजेन्द्र मेवाल संगत करेंगे। गौरव भट्ट गिटार सिखाएंगे, नवल किशोर डांगी तबले पर संगत करेंगे। प्रदीप चतुर्वेदी पियानो प्रशिक्षक है। कृथक गुरु पं. राजेन्द्र राव लोकनृत्य सिखाएंगे।

## सोहर गीतों से गूंजा श्रीराम मंदिर



**बेधड़क. जयपुर।** मिथिलावासियों ने टोंक रोड स्थित श्रीराम मंदिर में जानकीनवमी पर सीता के जन्म पर गाए जाने वाले बधाई और सोहर गीतों से वातावरण गूंजा दिया। मैथिली महिला मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शहर भर से आई समाज की महिलाओं ने हिस्सा लिया। मां जानकी की विधिवत पूजा से पूर्व महिलाओं ने सोहर और बधाई गीतों की प्रस्तुति दी। महिलाओं ने उदयपुर, जोधपुर और अन्य स्थानों से वेबकैम के जरिए कार्यक्रम से जुड़कर गीतों की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन में 1100 दीपों की अवली जलाकर मां जानकी के समक्ष दीपदान किया गया, जिससे मंदिर परिसर जगमगा गया। स्वयं लाल और पीली साड़ी पहनकर महिलाओं ने माता को नई साड़ी और चुनरी ओढ़ाकर श्रृंगार किया। बनारस से आए मंदिर के पुजारी पशुपति नाथ पाठक ने मां जानकी के संदर्भ में बताया। इनका प्रकाट्य स्थान सीतामढ़ी जिले का पुनौरा धाम है। मंच की अध्यक्ष बबीता ने बताया कि वैदेही सिर्फ मिथिला की ही नहीं चराचर जगत की शक्ति का प्रतीक हैं। माता का जन्म नहीं हुआ है, बल्कि ये नवमी के दिन प्रकट हुई हैं। ये इनका प्रकट्योत्सव है। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया।

## वैदिक ज्योतिष का देंगे प्रशिक्षण

**बेधड़क. जयपुर।** महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की ओर से 18 मई को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर इस वर्ष की थीम- 'म्यूजियम फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च' के तहत सिटी पैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। विरासत कला और शिल्प में रुचि पैदा करने के लिए 21 जून तक शिविर में युवाओं और कला प्रेमियों को पारम्परिक कलाओं की बारीकियों से रूबरू कराया जाएगा। पहली बार वैदिक ज्योतिष से परिचय कराया जाएगा। शिविर का समन्वय रामू रामदेव करेंगे तो बाबूलाल मारोटिया के साथ 'पारंपरिक चित्रकला' कार्यशाला का संचालन होगा।

## 'कल्चर एंड रीडिंग' पर की चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** 'कल्चर एंड रीडिंग' पर एक पैनल चर्चा में कई बातें सामने आईं। पैनल में डिजाइनर ब्रिजिट सिंह, लेखिका-अनुवादक सौदामिनी देव, एम्बैसी ऑफ फ्रांस इन इंडिया की बुक्स एंड आइडियाज ऑफिस की हैड जूलिया ट्रौइलौड, बुक सेलर और क्यूरेटर मोहित बत्रा और एलायंस फ्रांसेस ऑफ जयपुर निदेशक संजना सरकार शामिल रहे। इस अवसर पर जूलिया ट्रॉइलोड ने फ्रांस का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकारी नीतियों के कारण ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बुकशॉप्स पर किताबें एक समान कीमत पर बेची जाती हैं। इससे स्वतंत्र बुक स्टोर्स के एक मजबूत नेटवर्क को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। भारत में रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए ऐसी पहल महत्वपूर्ण है।

## City इवेंट्स

### ASL फुटबॉल क्लब ने जीता मैच



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे फुटबॉल लीग मुकाबले में गुरुवार को 72 में से 65 नंबर का मैच खेला गया। सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि इसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अजमेर के मेवो कॉलेज में चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब और एएसएल फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें एएसएल फुटबाल क्लब ने मैच 3-2 से जीता। शुक्रवार को उदयपुर के जावर में जिंक फुटबाल अकादमी और जयपुर एलीट फुटबाल क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

### कॅरिअर ऑप्शन की जानकारी देंगे

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के युवा आंत्रप्रेन्योर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स से मिलकर कॅरियर को नई दिशा देंगे। मीराखी ऑर्गेनाइजेशन और सोर्ट माय कॉलेज डॉट कॉम की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 19 मई को सोर्ट माय कॉलेज (एसएमसी) समिट में यह अवसर मिलेगा। इंडियाज लीडिंग यूथ फेस्ट में फाइनेंस, फैशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पब्लिक स्पीकिंग एंड कम्यूनिकेशन और कंटेंट क्रिएशन सब्जेक्ट पर एक्सपर्ट्स विचार रखेंगे। समिट का उद्देश्य युवाओं को अनन्वेंशनल कॅरियर ऑप्शन से रूबरू कराना है। समिट में आंत्रप्रेन्योर और मोटिवेशनल स्पीकर अशनीर ग्रोवर और ओयो ग्रुप सीईओ रितेश अग्रवाल, सिंगर इक्लिप्स नोवा, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सृष्टि गर्ग, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर तारिणी शाह व अन्य एक्सपर्ट्स हिस्सा लेंगे। 10 की-नोट सेशंस होंगे और कम्यूनिटी एरिया में आर्ट लवर्स आर्टिस्ट से मिल सकेंगे।

### यंगस्टर ऑडिशन में दिखाएंगे प्रतिभा

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के विभिन्न शहरों की प्रतिभाओं को ग्लोबल प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से सालो प्रोडक्शन 18 मई को मल्टी टैलेंट ओपन ऑडिशंस और टैलेंट राउंड में प्रतिभा परखेगा। वैशाली नगर स्थित मुकुल'स आर्ट अड्डा कैफे में पार्टिसिपेंट्स डांसिंग, सिंगिंग, एक्टिंग और मॉडलिंग टैलेंट दर्शाकर अगले राउंड के लिए दावेदारी पेश करेंगे। सालो प्रोडक्शन हाउस चेयरमैन राम टेलर ने बताया कि मल्टी टैलेंट ओपन ऑडिशंस में न्यूमरोलॉजिस्ट राज विजय रामावत चीफ गेस्ट और इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन के डायरेक्टर पवन टांक गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। इनके अलावा मिस इंडिया श्वेता मोदी, टीवी सीरियल्स डायरेक्टर एकलव्य सिंह, क्लासिकल सिंगर पंडित अमित भारती ज्यूरी मेम्बर के रूप में मौजूद रहेंगे। सेलेक्ट होने वाले प्रतिभागी को प्रोडक्शन हाउस प्लेटफार्म पर अपकमिंग शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक एल्बम और वेब सीरीज में अवसर दिया जाएगा। इस मौके पर यंग टेलेंटेड राइटर पूजा बर्मन और जीएसएस फिल्म प्रोडक्शन डायरेक्टर सुहान खान, प्राइड ऑफ इंटरनेशनल मॉडल के डायरेक्टर देव जांगिड़ और यंग सिंगर नवीन डीसी मौजूद रहेंगे।

## सेवा भारती समिति का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन

# 45 सर्वजातीय जोड़ों ने लिए जीवनभर साथ निभाने के फेरे



**बेधड़क | जयपुर**

सेवा भारती समिति राजस्थान के तत्वावधान में सामूहिक सर्वजातीय विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 45 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

एक साथ 45 घोड़ियों पर दूल्हों की निकासी अग्रवाल केटर्स विद्याधर नगर से प्रारंभ होकर विवाह स्थल पहुंची। द्वार पर दूल्हों का स्वागत महिला कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा से किया। सभी ने तोरण मारने की परंपरा निभाई। राम जानकी विवाह समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए पूर्वजों की परंपरा और संस्कारों को लेकर आदर्श हिन्दू परिवार की स्थापना करने का संकल्प लें और आगे बढ़ें। 45 जोड़ों के लिए 45 वेदियां बनाई गई।

जहां दूल्हा-दूल्हन का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया गया। हर वेदी पर 2-2 पण्डितों ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार सम्पन्न कराया। इस मौके पर खोजी द्वाराचार्य रामरिज्याल दास महाराज (त्रिवेणी धाम), महापीठाधीश्वर काठिया परिवाराचार्य अनंत विभूषित स्वामी रामरतनदेवाचार्य, महाराज डाकोर धाम गुजरात, वेदाती हरिशकर दास महाराज, सियाराम दास महाराज धन्ना पाठीधीश्वर, बजरंग देवाचार्य महाराज श्रीराम धाम आश्रम, तामड़िया (निवाई), संत मुरली मनोहर अकिंचन महाराज जयपुर ने नव दम्पत्तियों को मंगल आशीष दिया।

## मिशन लाइफ स्टाइल एम्प्लीफिकेशन प्लान-2024

# पर्यावरण बचाने के लिए किया पौधारोपण, 21 किलोमीटर दौड़े



**बेधड़क | जयपुर**

आमेर स्थित श्याम डूंगरी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल 8वीं आरक्षित वाहिनी द्वारा मिशन लाइफ स्टाइल एम्प्लीफिकेशन प्लान-2024 में पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम के साथ स्टेडियम रन 21 किलोमीटर हाफ मैराथन दौड़ हुई। शुरुआत में सुरक्षा बल वाहिनी की संरक्षिका मीनाक्षी ने अतिथियों का परिचय कराया और मुख्य अतिथि वरिष्ठ कमांडेंट आशीष कुमार ने पौधारोपण कर ट्रैक पर फ्लैग ऑफ कर मैराथन की शुरुआत की। स्टेडियम रन में 21, 10 और 5 किलोमीटर की रन कैटेगरी रखी गई थी, जिसमें आरक्षित वाहिनी कमांडर आशीष कुमार ने 21 किमी में तथा संरक्षिका मीनाक्षी ने 5 किलोमीटर की रन कैटिगरी में भाग लेकर मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कमांडेंट आशीष कुमार ने मैराथन में विजेताओं को सम्मानित किया। औद्योगिक सुरक्षा बल 8वीं आरक्षित वाहिनी जयपुर के वरिष्ठ कमांडेंट आशीष कुमार ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

सीआईएसएफ ने एक स्कूल को गोद लिया है, जिसमें साफ-सफाई की गई। साइकिल रैली और रनिंग से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रोग्राम संपन्न होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाहिनी की ओर से सहायक कमांडेंट सावित्री डोगरा, सहायक कमांडेंट आर. एल. मीना, सहायक कमांडेंट वीरेंद्र सिंह रहे।

## वर्ल्ड स्ट्रोक थ्रोम्बेक्टमी डे | विशेषज्ञों ने विकलांगता को दूर करने का उठाया बीड़ा

# स्ट्रोक मृत्यु का तीसरा और विकलांगता का प्रमुख कारण

**बेधड़क | जयपुर**

ब्रेन स्ट्रोक के केस में एक मिनट बर्बाद करने पर करीब 20 लाख न्यूरॉन्स नष्ट हो जाते हैं। यानी औसतन तीन से चार साल की जिंदगी कम हो जाती है। यह विचार डॉ. मदन मोहन गुप्ता ने जयपुर में रखे। उन्होंने लोगों को अवेयर करते हुए कहा, न्यूरो इंटरवेंशन में मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टमी के बारे में बताया। उन्होंने वर्ल्ड स्ट्रोक थ्रोम्बेक्टमी डे पर लोगों से बात की और उनको हेल्दी लाइफ स्टाइल के लिए जागरुक किया। इस अवसर पर डायरेक्टर निम्स डॉ. पंकज सिंह, एनएचबीएच प्रशासक मनीषा चौधरी, डॉ. मितेश गुप्ता, डॉ. आर. पी. बंसल, डॉ. बी. एस. शर्मा, डॉ. सुमित आनंद, डॉ. रवि जाखड़ आदि ने भी विचार रखे।



### लोगों को जागरूक करना जरूरी

इस मौके पर मेकेनिकल थ्रोम्बेक्टमी ग्लोबल एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य डॉ. गुप्ता ने बताया कि 2021 से वर्ल्ड स्ट्रोक थ्रोम्बेक्टमी डे मनाना शुरू किया गया। निम्स डायरेक्टर डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि दिमाग की नसों में ब्लॉकेज होने से रक्त का दौरा प्रभावित होता है। इससे ब्रेन न्यूरॉन सेल्स डेमेज होती है और मरीज को लकवे की समस्या का सामना करना पड़ता है।

### लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं

डॉ. गुप्ता ने बताया कि स्ट्रोक दुनिया भर में मृत्यु का तीसरा और विकलांगता का प्रमुख कारण है। अगर अचानक से व्यक्ति में संतुलन की कमी हो रही हो, उसकी दृष्टि में बदलाव दिख रहा हो, या देखने में परेशानी हो, मुस्कुराने पर चेहरे का एक हिस्सा झुक रहा हो, हाथ ऊपर करने पर एक हाथ नीचे की ओर जाए, तब बिना देर किये मरीज को स्ट्रोक रेडी अस्पताल में ले जाना चाहिए।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 17 मई, 2024



अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## रूस और चीन के संबंध और गहरे होंगे... जिनपिंग और पुतिन ने किए समझौते पर हस्ताक्षर

# राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार चीन पहुंचे पुतिन

**एजेंसी** | बीजिंग

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार सुबह दो दिवसीय दौरे पर चीन पहुंचे। पुतिन की यह यात्रा मॉस्को और बीजिंग के बीच गहरे होते संबंधों का नवीनतम संकेत है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह रूस के राष्ट्रपति के रूप में नए कार्यकाल में प्रवेश करने के बाद यह पुतिन की पहली विदेश यात्रा है। यह पश्चिम के साथ भारी टकराव के बीच बीजिंग और मॉस्को के बीच गहरे होते संबंधों का नवीनतम संकेत भी है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन और रूस के बीच के संबंधों को गहरा करने के लिए एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। साथ ही दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बारे में बताया।

### दो दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंचे

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वागत के लिए चीन के राष्ट्रपति ने रेड कार्पेट बिछाया। इससे दोनों देशों के बीच के रिश्ते गहराते दिख रहे हैं। ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल के बाहर सैन्य बैंड सेरेनेड और कई बंदूकों से सलामी भी दी। वहीं चीने के विदेश मंत्रालय के अनुसार शी जिनपिंग ने कहा कि चीन-रूस संबंध बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल की कसौटी पर खरे उतरे हैं। चीन-रूस एक दूसरे के अच्छे पड़ोसी, अच्छे दोस्त और भरोसेमंद रहना चाहते हैं। शी जिनपिंग ने कहा कि दोनों ही देशों के बीच मित्रता मजबूत करने और संयुक्त रूप से संबंधित राष्ट्रीय विकास, निष्पक्षता और न्याय को बनाए रखने के लिए साथ आना चाहते हैं। पुतिन और शी जिनपिंग ने मीटिंग के दौरान यूक्रेन में संघर्ष को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता और संकट के समाधान के राजनयिक प्रयासों की आवश्यकता पर चर्चा की। यह यात्रा चीन पर बढ़ते दबाव के दौरान हुई है। वहीं अमेरिका ने चीन पर रूस के रक्षा परिसर को सहायता देने का आरोप लगाया। हालांकि चीन ने इस दावे को निराधार बताया। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों महत्व के बारे में बात की।

मीटिंग में पुतिन और शी जिनपिंग ने व्यापार, सुरक्षा, उद्योग, प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।




### रूस और चीन के बीच बढ़ा सीमा विवाद

बीजिंग। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सत्ता संभालने के ठीक बाद पहले विदेश दौरे पर चीन पहुंचे हैं। रूसी राष्ट्रपति यह चीन दौरा ऐसे समय पर कर रहे हैं जब यूक्रेन युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ अपने प्रतिबंध को बढ़ा दिया है। पुतिन के इस दौरे से साफ है कि अभी उन्हें चीन का पूरा साथ मिल रहा है। पुतिन और शी जिनपिंग दोनों ने इससे पहले ऐलान किया था कि दोनों देशों के बीच 'बिना किसी सीमा' वाली दोस्ती होगी। दोनों नेता भले ही यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनकी दोस्ती अटूट है, लेकिन रूस और चीन के बीच सीमा पर विवाद बढ़ रहा है। कई विश्लेषक यह भी कह रहे हैं कि चीन की नजर अब रूस के व्लादिवोस्तोक इलाके पर है जो कभी चीन का हिस्सा था। इस इलाके में चीन का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और इससे निपटने के लिए रूस ने भारत से मदद मांगी है।

## जरूरी खबर

### छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन की मौत



**फ्रैंकलिन।** विलियमसन काउंटी में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। विलियमसन काउंटी के प्रमुख डिप्टी मार्क एलरोड ने बताया कि विमान बैटन रूज, लुइसियाना से रवाना हुआ था और लुइसविले, केंटकी की ओर जा रहा था, लेकिन नैशविले से लगभग 30 मील (48.28 किलोमीटर) दक्षिण में लीपर्स फोर्क के पास टेनेसी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फेडरल एविएशन एसोसिएशन ने विमान की पहचान सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट V35 के रूप में की है। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड जांच कर रहे हैं।

### इमरान ने माफी नहीं मांगी तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने पिछले वर्ष नौ मई को हुई हिंसा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। बिलावल ने कहा कि यदि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नौ मई की हिंसा के लिए माफी नहीं मांगती है तो पार्टी के संस्थापक इमरान को गंभीर परिणाम भुगतना होगा। नेशनल असेंबली में बिलावल ने कहा कि किसी को भी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की अनुमति नहीं है। उल्लेखनीय है कि इमरान ने हिंसक प्रदर्शन के एक वर्ष पूरे होने से एक दिन पहले आठ मई को रावलपिंडी की अदियाला जेल में पत्रकारों से कहा था कि वह हिंसा के लिए माफी नहीं मांगेंगे। खान ने कहा कि हिंसा से उनकी पार्टी का कोई लेना देना नहीं था। पिछले वर्ष नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआइ समर्थकों ने बड़े पैमाने पर हिंसा और तोड़फोड़ की थी।

## पाकिस्तानी सांसद ने खोली अपने देश की पोल

# चांद पर गया 'इंडिया' हमारे बच्चे गटर में...

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने भारत की दिल खोलकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ खुले गटर कराची में बच्चों की जान ले रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत चांद पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने वहां की संसद में अपने संबोधन में देश की सरकारों को आईना दिखाते हुए कहा कि टीवी स्क्रीन पर जब हम खबरें देखते हैं कि भारत चांद पर पहुंच गया और उसके दो सेकंड बाद ही खबर आती है कि कराची में खुले गटर में गिरकर बच्चे की मौत हो गई। एमक्यूएम नेता ने कराची में पानी की कमी का जिक्र करते हुए कहा कि कराची पाकिस्तान में राजस्व का इंजन है। देश में दो बंदरगाह हैं और दोनों कराची में हैं। एक तरह से यह देश का गेटवे है। 15 वर्षों से कराची को ताजा पानी नहीं मिला है, जब भी पानी आता है तो उसे टैंकर माफिया कब्जा लेते हैं।



सांसद सैयद मुस्तफा कमाल

### मौलाना फजलुर रहमान भी कर चुके हैं तारीफ



सैयद मुस्तफा कमाल का यह बयान पाकिस्तान के ही एक अन्य वरिष्ठ नेता मौलाना फजलुर रहमान के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें मौलाना फजलुर रहमान ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान साथ आजाद हुए थे, लेकिन आज वे (भारत) महाशक्ति बनने का ख्वाब देख रहे हैं और हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। मौलाना फजलुर रहमान ने वहां की संसद में भारत और पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा कि हम अपनी मर्जी से कानून भी नहीं बना सकते हैं। इस पार्लियामेंट के ऊपर हम सब फख्र करते हैं कि हम वीवीआईपी हो गए हैं।

### नहीं जा रहे ढाई करोड़ बच्चे स्कूल

सैयद मुस्तफा कमाल ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सिंध प्रांत में करीब 70 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा करीब 2.6 करोड़ है। कराची, सिंध प्रांत की ही राजधानी है।' मुस्तफा कमाल ने कहा 'हमारे यहां कुल 48 हजार स्कूल हैं, लेकिन एक रिपोर्ट बताती है कि इनमें से 11 हजार स्कूल खाली पड़े हैं। देश में 2.62 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। इस बात से देश के नेताओं की नींद उड़ जानी चाहिए।

## बाइडेन से लेकर पुतिन तक ने की हमले की निंदा

# स्लोवाकिया के PM की हालत बेहद गंभीर

**एजेंसी** | ब्रातिस्लवा

दुनियाभर के नेताओं ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हमले की निंदा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। फिको की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, पीएम फिको बुधवार (स्थानीय समयानुसार) हंडलोवा में गोलीबारी की घटना में घायल हुए। उनका अभी बांस्का बिस्ट्रिका शहर में उपचार चल रहा है। कथित शूटर को मौके पर गिरफ्तार किया गया और इलाके को खाली करा लिया गया। अमेरिका ने भी इस हमले की निंदा की और राष्ट्रपति जो बाइडेन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कहा कि वह इस घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फिको पर हमले की निंदा करते हुए इसे 'राक्षसी अपराध' करार दिया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी हमले की कड़ी निंदा की और उनके साथ एकजुटता जताई। वहीं, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे कायराना हमला करार दिया और कहा कि यूरोप की राजनीति में हिंसा नहीं होनी चाहिए।



## चीन का इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का टेस्ट

# बिना बारूद वाली तोप से दागा स्मार्ट बम!

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन की नौसेना ने हाल ही में एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का टेस्ट किया है। इसके जरिए चीन ने हाइपरसोनिक गति से समताप मंडल में एक सटीक- गाइडेड गोला-बारूद लॉन्च किया। इस टेस्ट में समताप मंडल में 15 किमी की ऊंचाई तक आवाज की रफ्तार से पांच गुना ज्यादा स्पीड (5 मैक) से एक स्मार्ट बम को फायर करना शामिल था। सफल लॉन्च के बाद भी इस प्रयोग को असफल माना गया।

चीनी मीडिया की रिपोर्ट्स में कहा गया कि प्रोजेक्टाइल ने उस पथ का पालन नहीं किया, जो उसे दिया गया था। अधिक सीमा और ऊंचाई दोनों डिजाइन मूल्यों से कम हो गईं। स्मार्ट बम की ओर से जमीन पर वापस भेजे गए डेटा के विश्लेषण से टीम ने एक महत्वपूर्ण समस्या की पहचान की। टीम ने पाया कि लॉन्च के दौरान प्रोजेक्टाइल बहुत तेजी से घूम रहा था, जिससे न चाहते हुए झुकाव हो रहा था। इस खोज से वैज्ञानिकों को रोटेशनल स्टीड लैचिंग नाम की एक तकनीकी बाधा का अहसास हुआ, जो रेल गन के इस्तेमाल के लिए बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी शोधकर्ता समस्या का पता लगाने और एआई के जरिए उसका समाधान खोजने के लिए तैयार हैं।



### रेल गन बनाने में मिलेगी मदद

चीन के इस प्रयोग का निष्कर्ष इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन के संचालन में शामिल जटिलताओं पर प्रकाश डालता है। ये पारंपरिक भौतिक सिद्धांतों को खारिज करता है। शोधकर्ताओं की ओर से उजागर की गई चुनौतियों में एक लॉन्चिंग के दौरान प्रोजेक्टाइल को घूमने से रोकने की जरूरत है। हालांकि प्रयोग के फेल होने के बावजूद इस परीक्षण से मिले रिजल्ट चीन को इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन बनाने के प्रयासों की ओर बढ़ाएंगे।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl